सतना
15 जुलाई 2024 सोमवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित


दिल्ली कैपिटल्स ने
@ पेज 7

# 46 साल बाद फिर खोला गया भगवान जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार

**पुरी (एजेंसी)।** आखिरकार इंतजार खत्म हो गया है। ओडिशा के पुरी में मौजूद जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार रविवार दोपहर 1.28 बजे खोल दिया गया है। इस दौरान भंडार गृह में सरकार के प्रतिनिधि,एएसआई के अधिकारी, गजपति महाराज के प्रतिनिधि समेत 11 लोग मौजूद हैं। मंदिर का खजाना

- **कीमती सामानों की होगी डिजिटल लिस्टिंग,लकड़ी के 6 संदूक भेजे गए**

आखिरी बार 46 साल पहले 1978 में खोला गया था। ओडिशा सरकार ने भंडार खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी। जगन्नाथ मंदिर रत्न भंडार को फिर से खोलने के लिए गठित पैनल के अध्यक्ष और ओडिशा हाईकोर्ट के जस्टिस विश्वनाथ रथ ने कहा कि जैसा कि तय किया गया था और जैसा कि सभी जानते हैं, सरकार ने तीन हिस्सों के लिए जरूरी एसओपी जारी कर दी है। इसमें एक रत्न भंडार को खोलने के



लिए है और फिर दोनों भंडारों में रखे हुए गहनों और कीमती सामानों को गर्भगृह के अंदर पहले से तय किए गए कमरे में ले जाना है। उन्होंने कहा कि आज हमने एक बैठक बुलाई जिसमें हमने रत्न भंडार खोलने और गहनों की देखभाल करने का फैसला किया। उन्होंने यह भी कहा कि इस पूरी प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी। जगन्नाथ मंदिर रत्न भंडार के अंदर जो लोग गए हैं उनमें मंदिर के चीफ एडमिनिस्ट्रेटर,पुरी के कलेक्टर, पुलिस सुपरिटेंडेंट, रत्न भंडार सब कमेटी के लोग, सुपरवाइजरी पैनल से दो सदस्य गए हैं। साथ ही, गजपति महाराज के प्रतिनिधि और सेवक समुदाय से चार शामिल हैं। ओडिशा की डिप्टी सीएम प्रवती परिदा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि हमें वहां मौजूद रहना है। हम आज से वहीं पर रुकेंगे और देखेंगे कि गिनती आराम से हो। हमें विश्वास है कि प्रभु की कृपा से सब कुछ आसान होगा। पिछली सरकार ने रत्न भंडार को रहस्य बनाकर रखा था। रत्न भंडार की बार-बार गिनती होनी चाहिए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पिछली शताब्दी में जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार खोला गया था। इसमें 1905, 1926 और 1978 शामिल है। वहां पर मौजूद महंगी चीजों की लिस्ट बनाई गई। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि 1985 में रत्न भंडार का भीतरी हिस्सा खुला लेकिन लिस्ट अपडेट नहीं हो पाई। हालांकि, 1978 में जो लिस्ट बनी थी। उसमें करीब 128 किलो सोना और 222 किलो चांदी होने का दावा किया गया था। इन सब के अलावा सोने और चांदी की चीजों के बारे में नहीं बताया गया था। 1978 के बाद से अब तक मंदिर के पास कितनी संपत्ति आई, इसका कोई अंदाजा नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रैली में हमला

- हमलावरों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग,संदिग्ध समेत दो की मौत



**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका में इन दिनों चुनाव का माहौल है और राष्ट्रपति पद की दौड़ में आगे चल रहे अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रैली में गोलियां चली हैं। इसमें ट्रंप घायल हो गए हैं। वह पेंसिल्वेनिया में रैली कर रहे थे, जब गोलियों की आवाज सुनाई दी। घटना के तुरंत बाद सीक्रेट सर्विस के एजेंटों ने तुरंत उन्हें मंच से उतार दिया। अमेरिका सीक्रेट सर्विस के प्रवक्ता एंथनी गुग्लिलमी ने कहा कि ट्रंप सुरक्षित हैं।

### मुश्किल में आईएएस पूजा खेड़कर,कसा शिकंजा

- पुणे पुलिस ने जैमर और बैरीकेड्स लगाकर सीज की लग्जरी आडी कार



**पुणे (एजेंसी)।** महाराष्ट्र कैडर की ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर पर शिकंजा कसता जा रहा है। अब पुणे पुलिस ने विवादों में रहीं भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की लग्जरी कार जब्त की है। यह वही लग्जरी ऑडी कार है, जिस पर लाल बत्ती और महाराष्ट्र सरकार का लोगो लगाकर चलने के बाद विवाद शुरू हुआ था। पुलिस ने इसे अवैध बताते हुए कार जब्त की है। पुणे क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) ने शहर की एक निजी कंपनी को भी इस मामले में नोटिस जारी किया है।

### तमिलनाडु बसपा चीफ की हत्या के आरोपी का एनकाउंटर

- पुलिस कस्टडी से भागने के दौरान मारा गया,अब तक 11 गिरफ्तार



**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु में बहुजन समाज पार्टी चीफ के आर्मस्ट्रांग की हत्या के एक मुख्य आरोपी की रविवार सुबह पुलिस एनकाउंटर में मौत हो गई। 30 साल के आरोपी का नाम के तिरुवेंगदम था। वह आर्मस्ट्रांग मर्डर केस में गिरफ्तार 11 संदिग्धों में शामिल था। पुलिस ने बताया कि आरोपी तिरुवेंगदम ने आज सुबह पुलिस कस्टडी से भागने की कोशिश की।

# मणिपुर में फिर बवाल, अब सीआरपीएफ पर हमला

**जिरीबाम (एजेंसी)।** मणिपुर के जिरीबाम में रविवार को कुकी उग्रवादियों ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल पर हमला कर दिया। इसमें सीआरपीएफ का एक जवान शहीद हो गया। साथ ही, सीआरपीएफ का एक जवान और 2 पुलिसकर्मी जवान घायल हुए हैं। पुलिस ने शहीद जवान की पहचान अजय कुमार झा के रूप में की है। सभी घायल कर्मियों का

- **कुकी उग्रवादियों ने जिरीबाम में की फायरिंग,एक जवान शहीद**

इलाज जिरीबाम अस्पताल में किया गया। सेइजांग कुकी गांव के भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने रविवार सुबह एक बड़ा हमला शुरू कर दिया। उन्होंने तीन घंटे से अधिक समय तक मैतेई गांव और सुरक्षा कर्मियों को निशाना बनाया। पुलिस ने कहा कि सीआरपीएफ कर्मी के सिर पर उस समय गोली मारी गई, जब वह वाहन चला रहा था। जिरीबाम के एक निवासी ने कहा, जिस सटीकता से हमले किए गए, उससे पता चलता है कि आतंकवादी अत्याधुनिक हथियारों का इस्तेमाल कर रहे थे। यह 5वीं बार था जब उसी क्षेत्र से हमले



किए गए और क्षेत्र की खोज के प्रयासों को कुकी महिलाओं ने रोक दिया। हालांकि, टीम ने सीआरपीएफ और पुलिस जवानों पर हमला करने वाले उग्रवादियों की तलाश शुरू कर दी है।

### कुकी संगठन का शाह को पत्र सुरक्षा बलों पर लगाए आरोप

मणिपुर के प्रमुख कुकी संगठन इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम की ओर से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा गया है। इसमें राज्य में शांति बहाल करने और केंद्र शासित प्रदेश बनाकर राजनीतिक समाधान निकालने की बात कही गई है। साथ ही, मणिपुर के जिरीबाम जिले के फैतोल गांव से एक किशोर सहित 2 ग्रामीणों की गिरफ्तारी और केंद्रीय सुरक्षा बलों की ओर से 7 कुकी महिलाओं की पिटाई की निंदा की गई है। चिट्ठी में लिखा गया, एल. हेंगजोल गांव के मुखिया के घर पर आगजनी के बाद 3 ग्रामीणों को गिरफ्तार कर लिया गया। सुरक्षा बलों की ओर से पीटी गई 5 कुकी महिलाओं को इलाज के लिए नोनी अस्पताल ले जाना पड़ा।

## कांग्रेस की 'चार्जशीट' का 'वर्कशीट' से जवाब देगी बीजेपी

- हरियाणा में पार्टी की कोर ग्रुप की बैठक में हो गया बड़ा फैसला



**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** कांग्रेस की ओर से जारी की गई चार्जशीट का बीजेपी वर्कशीट से जवाब देगी। हरियाणा बीजेपी के कोर ग्रुप की बैठक में यह फैसला लिया गया। पार्टी नेताओं ने तय किया कि विधानसभा चुनाव के लिए जल्द ही प्रचार अभियान शुरू किया जाएगा। प्रदेश बीजेपी के कोर ग्रुप की मीटिंग पिंजौर गार्डन में हुई, जिसमें कई मुद्दों पर चर्चा की गई।

# मुहर्रम के समय सड़कें सूनी हो जाती थीं...

**ताजिया के नाम पर लोगों के घर तोड़े जाते थे**



**लखनऊ (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के बाद बीजेपी कार्यसिमिति की पहली बैठक हो रही है। इस बैठक में बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, सीएम योगी, यूपी बीजेपी अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी समेत बड़ी संख्या में पार्टी के छोटे-बड़े

- **सीएम योगी बोले-अब नहीं चलेगा मनमानापन**

पदाधिकारी शामिल हुए हैं। सीएम योगी ने कहा कि याद करिए मुहर्रम के समय में सड़कें सूनी हो जाती थी। आज मुहर्रम आयोजित हो रहा है इसका पता भी नहीं लग रहा। ताजिया के नाम पर घर तोड़े जाते थे, पीपल के पेड़ काटे जाते थे, सड़कों के तार हटाए जाते थे। आज कहा जाता है किसी गरीब की झोपड़ी नहीं हटेगी। आज कहा जाता है सरकार नियम बनाएगी, त्योहार मनाने हैं तो नियमों के अंतर्गत मनाओ नहीं तो घर बैठ जाओ।

### वोटों की शिटिंग और आत्मविश्वास की वजह से नुकसान

सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में यूपी में बीजेपी ने 2014, 2017, 2019 और 2022 में भारी सफलता प्राप्त कर विपक्ष को उसकी वास्तविक स्थिति तक पहुंचाने का काम किया था। इन चुनावों में जितना वोट प्रतिशत मिला था, 2024 में भी बीजेपी उतना वोट प्रतिशत पाने में सफल रही है। हालांकि इस दौरान सीएम योगी ने इतना जरूर कहा कि वोटों की शिफ्टिंग और आत्मविश्वास की वजह से नुकसान हुआ है। सीएम ने कहा कि जब आत्मविश्वास में मानकर चलते है कि हम लोग जीत ही रहे हैं, तब कहीं ना कहीं खामियाजा भी भुगतना पड़ता है।

## बीजेपी का भय और भ्रम का जाल अब टूट गया

- उपचुनाव के नतीजों पर बोले कांग्रेस नेता राहुल गांधी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों ने किला फहत कर लिया है। 13 सीटों में 10 सीटें इंडिया गठबंधन के घटक दलों खाते में गई हैं वहीं भाजपा की नेतृत्व वाली एनडीए सिर्फ दो सीटों पर ही जीत दर्ज कर पाई। इसके अलावा एक सीट अन्य के हिस्से में आई। उपचुनाव में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों की जीत से तमाम नेता खुश हैं। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने समेत तमाम नेताओं ने इंडिया गठबंधन की जीत पर खुशी जाहिर की है। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, 7 राज्यों में हुए उपचुनाव के नतीजों ने स्पष्ट कर दिया है कि भाजपा द्वारा बुना गया भय और भ्रम का जाल टूट चुका है।

# सत्ता संभालते ही ऐक्शन में आंध्र की नायडू सरकार

**हैदराबाद (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश की सत्ता संभालते ही राज्य के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू अपने पूरे रंग में दिखाई पड़ रहे हैं। वो राज्य में पूरी तरह से अधिकारियों को

- 37 आईपीएस अधिकारियों के किए तबादले,पूर्व सीएम की बढ़ी मुश्किल

एक जगह से दूसरे जगह ट्रांसफर करने के लिए प्रयासरत हैं। यही वजह की नायडू सरकार ने शनिवार को राज्य के 37 वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के तबादले कर दिए। नायडू ने यह फेरबदल सत्ता में आने के ठीक एक महीने बाद नायडू ने किया है। मुख्य सचिव नीरभ कुमार प्रसाद द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि अनकापल्ली जिले के पुलिस अधीक्षक केवी मुरली कृष्ण को इसी पद पर अनंतपुर जिले में स्थानांतरित किया गया है। बापटला जिले के एसपी वकुल जिंदल को विजयनगरम जिले में



स्थानांतरित किया गया है, जहां एम दीपिका को अनकापल्ली भेजा गया है। इसी तरह, कृष्णा जिले के एसपी अदनान नईम असमी को पश्चिम गोदावरी जिले में स्थानांतरित कर दिया गया है, जहां वे अजीता वेजेंडला की जगह लेंगे।

# उपचुनाव के परिणाम आते ही बंगाल में बवाल

**उर दिनाजपुर में टीएमसी नेता की गोली मारकर हत्या**

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में उपचुनाव के नतीजों के दिन एक बार फिर हत्या का मामला सामने आया है। यहां शनिवार रात दिनाजपुर जिले में एक पंचायत स्तर के टीएमसी नेता की हत्या कर दी गई। यह घटना इस्लामपुर से 12 किलोमीटर दूर श्रीकृष्णापुर की है। मृतक की पहचान 35 वर्षीय बापी रॉय के रूप में की गई है। वह पंचायत समिति की सदस्य के पति थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक रॉय अपने एक अन्य साथी मोहम्मद सज्जाद के साथ



सड़क किनारे एक ढाबे पर खाना खा रहे थे। तभी अज्ञात हमलावरों ने उन्हें गाली मार दी और फरार हो गए। सज्जाद इस्लामपुर रामगंज पंचायत की मुखिया का पति है। लोगों ने बताया कि रात करीब 9 बजे पांच से छह बाइक सवार आए और उन्होंने अपना चेहरा ढक रखा था। रॉय की गर्दन के पास गोली लगी थी। वहीं सज्जाद हुसैन की पीठ पर गोली लगी। दोनों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां रॉय को मृत घोषित कर दिया गया। सज्जाद का भी अस्पताल में इलाज चल रहा है और हालत नाजुक बनी हुई है।

# बजट में बढ़ सकती है पीएम किसान सम्मान की राशि



**देश के अन्नदाताओं को सौगात देने की तैयारी में मोदी सरकार**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम बजट के जरिए केंद्र सरकार इस बार किसानों के लिए खजाना खोल सकती है। माना जा रहा है कि सरकार किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने से लेकर कृषि उपकरणों पर सब्सिडी बढ़ाए जाने समेत अतिरिक्त रियायतें देने का भी ऐलान कर सकती है। किसान सम्मान निधि से जुड़े धनराशि को भी बढ़ाए जाने की पूरी संभावना है। पार्टी से जुड़े संगठन और केंद्र सरकार को समर्थन दे रहे राजनीतिक दल भी चाहते हैं कि सरकार किसानों के हितों में बड़े फैसले ले, जिससे उनके बीच स्पष्ट संदेश जाए कि सरकार खेती-किसानी को लेकर गंभीर है। बीते दिनों राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के अनुषांगिक संगठन भारतीय किसान संघ समेत अन्य किसान संगठनों ने भी वित्त मंत्री के सामने अपनी मांगों को रखा था। कृषि मंत्रालय ने भी अपनी तरफ से कुछ प्रस्ताव भेजे हैं। किसान संघ के अध्यक्ष बद्री नारायण चौधरी का कहना है, हमने पहली मांग किसान सम्मान निधि को बढ़ाने की रखी है, क्योंकि सरकार ने वर्ष 2018-19 में किसानों को छह हजार रुपये सालाना देने का प्रावधान रखा। उसके बाद से लगातार महंगाई बढ़ी है और किसानों की लागत भी।

## लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता होंगे गौरव गोगोई

**स्पीकर चुनाव लड़ने वाले के सुरेश को भी मिली बड़ी जिमेदारी**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के गौरव गोगोई लोकसभा में पार्टी के उप नेता होंगे और इस निर्णय के बारे में एक पत्र अध्यक्ष ओम बिरला को भेजा गया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि कांग्रेस के संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष बिरला को पत्र लिखकर उन्हें संसद के निचले सदन में कांग्रेस के उप नेता, मुख्य सचेतक और दो सचेतक नियुक्त किये जाने के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने बताया गोगोई लोकसभा में पार्टी के उप नेता होंगे, जबकि केरल से आठ बार के सांसद के. सुरेश पार्टी के मुख्य सचेतक होंगे। उन्होंने बताया कि विरुधुनगर के सांसद मणिकम टैगोर और किशनगंज के सांसद मोहम्मद जावेद लोकसभा में पार्टी के सचेतक होंगे। इससे पहले, पार्टी ने राहुल गांधी को लोकसभा में विपक्ष का नेता नियुक्त किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### भिण्ड में प्रबंध संचालक द्वारा बिजली बकायादारों के नाम सार्वजनिक कर, भू-राजस्व के तहत कार्यवाही के निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने भिण्ड वृत्त में विद्युत आपूर्ति और विद्युत वितरण व्यवस्था को लेकर भिण्ड वृत्त के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे बिजली लाइनों और उपकेन्द्रों का रख-रखाव प्रभावी ढंग से करें साथ ही गैर घरेलु, औद्योगिक एवं वाटर वर्क्स के समस्त खराब तथा जले मीटरों को एक सप्ताह के भीतर बदला जाए। प्रबंध संचालक श्री सिंघल शनिवार को भिण्ड जिले की विद्युत वितरण व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। इस अवसर पर कंपनी के निदेशक (वाणिज्य) श्री सुधीर कुमार श्रीवास्तव एवं महाप्रबंधक भिण्ड वृत्त श्री पी.के. जैन सहित सभी उपमहाप्रबंधक, प्रबंधक, सहायक प्रबंधक एवं मैदानी अधिकारी उपस्थित थे। प्रबंध संचालक ने समीक्षा बैठक के दौरान अधिक राशि के बकायादारों के नाम सार्वजनिक करने के साथ ही बकाया राशि की वसूली के लिए भू-राजस्व संहिता के तहत कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा की उपभोक्ताओं के नवीन विद्युत कनेक्शन के आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही कर उन्हें समय सीमा में नवीन कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएं। श्री सिंघल ने बड़े विद्युत बकायादारों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये ताकि बकायादारों में एक व्यापक संदेश जा सके। उन्होंने खराब परफॉर्मेंस करने वाले कार्मिकों पर कार्यवाही के निर्देश दिये साथ ही बकाया राशि वसूली के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से आवश्यक सहयोग लेने के लिए कहा। भिण्ड प्रवास के दौरान प्रबंध संचालक ने रिवेम्प्ड डिस्ट्रीब्युशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के अंतर्गत अटेर रोड पर निर्माणाधीन नवीन 33/11 के. व्ही. उपकेन्द्र का निरीक्षण किया एवं आवश्यक निर्देश दिये।

### वन्यप्राणी बाघ के अवयवों की भारी मात्रा में जप्ती- आरोपी गिरफ्तार

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स (एसटीएसएफ) मध्यप्रदेश की जबलपुर इकाई के द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुये बालाघाट जिले से दो व्यक्तियों को वन्यप्राणी बाघ के अवयवों के साथ गिरफ्तार कर वन्यप्राणी बाघ के तीन नग दांत (3 केनाइन) बरामद कर वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया है। दोनों आरोपियों को विशेष न्यायालय जबलपुर के समक्ष प्रस्तुत कर अग्रिम विवेचना के लिये रिमांड पर लिया गया था। रिमांड अवधि में आरोपी मुन्ना लाल धुर्वे एवं आरोपी तेजराम की निशानदेही पर अपराध में लिप्त एक अन्य आरोपी अशोक उर्फ मकडदम पिता सोन सिंह मरकाम को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। आरोपियों द्वारा बाघ को करंट लगाकर मारना बताया तथा बताये गये स्थल की स्थानीय अमले के साथ मौका शिनाख्त में एक गड्ढे से खोदकर बाघ के शरीर की लगभग छोटी बड़ी सभी हड्डियां (98 नग) एवं नाखून को निकालकर विधिवत जप्त कर सीलबंद किया गया। जप्त अवयवों की जांच के लिये विभिन्न फॉरेन्सिक लैब भेजा जायेगा। प्रकरण में विवेचना जारी है।

### अब पटवारियों के पास जाने से मुक्ति

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** किसानों और आम जनता को भू-अधिकार ऋण पुस्तिका प्राप्त करने के लिए अब पटवारी के पास जाने की जरूरत नहीं है। आम जनता की सुविधा के लिये भू-अधिकार ऋण पुस्तिका को ऑनलाइन कर दिया गया है। कोई भी व्यक्ति अपनी भू-अधिकार ऋण पुस्तिका को नजदीकी कियोस्क सेंटर अथवा कॉमन सर्विस सेंटर या स्वयं के एन्ड्रायड मोबाइल से निर्धारित शुल्क 10 रूपये अदा कर ले सकता है। कृषकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राजस्व विभाग ई-तकनीक को बढ़ावा दे रहा है, ताकि किसानों एवं आमजन को तहसील एवं पटवारी के चक्कर न लगाने पड़े। वर्षों पूर्व आमजन और किसानों को अपने खाते की नकल पाना कठिन कार्य था। जन-मानस की परेशानी को ध्यान में रखते हुए राजस्व विभाग के नियमों में बदलाव कर जन-सुविधा से जुड़े अभिनव प्रयोग किए जा रहे हैं। राजस्व विभाग द्वारा कृषकों से अपील की गई है कि सुविधाजनक रूप से किए गए बदलाव का ई-तकनीक के माध्यम से लाभ उठाएँ और परेशानी से बचें। सरकार द्वारा किसानों या आमजन को उनके खाते की खसरा, वी-1 एवं ऋण-पुस्तिका की प्रति वाट्सएप पर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है।

### पारंपरिक कारीगरों को सहायता देने पीएम विश्वकर्मा योजना

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता देने के लिये पी.एम. विश्वकर्मा योजना शुरू की गई है। इस योजना में टूल किट खरीदने के लिये 15 हजार रूपये का अनुदान मिलेगा। साथ ही पहली बार में एक लाख और दूसरी बार में 2 लाख रूपये का सस्ता ऋण मिलेगा।

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान से जुड़ हर नागरिक पौधे अवश्य लगाएं-श्रीमती गौर

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने नागरिकों से आग्रह किया कि वह एक पेड़ माँ के नाम अभियान से जुड़ पौधे अवश्य लगाएं। श्रीमती गौर शनिवार को शासकीय प्राथमिक शाला वी.डी.ए. कॉलोनी गोविन्दपुरा के परिसर में पौधा-रोपड़ कर रही थी। श्रीमती गौर के साथ जन-प्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों ने भी पौधे लगाए। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने स्कूल के बच्चों को छाते भी वितरित किए। अतुल, अंजान और उनके साथियों ने स्कूली बच्चों को वितरण के लिए 36 छाते उपलब्ध करवाए। कार्यक्रम में जन-प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।



## भोपाल में एक भी एयरलाइंस का बेस स्टेशन नहीं, एयर इंडिया एक्सप्रेस से हो सकती है शुरुआत

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भोपाल एयरपोर्ट से यात्रियों की संख्या तो बढ़ रही है, लेकिन यात्रियों को उड़ानें लेट होने की समस्या से मुक्ति नहीं मिल पा रही है, क्योंकि यहां पर एक भी एयरलाइंस का बेस स्टेशन नहीं है। पहले जिन कंपपियों ने बेस स्टेशन खोले, वे बंद हो चुके हैं। अब एयरपोर्ट अथॉरिटी नए सिरे से बेस स्टेशन खुलवाने का प्रयास कर रही है। एयर इंडिया की सहयोगी कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस इसकी शुरुआत कर सकती है। राजा भोज एयरपोर्ट पर बेस स्टेशन बनाने की शुरुआत सबसे पहले कम किराये वाली एयरलाइंस स्पाइस जेट ने की थी। कंपनी ने भोपाल से रायपुर, जबलपुर, हैदराबाद एवं पुणे उड़ान के साथ बेस स्टेशन शुरू किया था। कंपनी का बोबार्डियर विमान रात को राजा भोज एयरपोर्ट की पार्किंग में ही खड़ा होता था। यह विमान रात को लेट होने पर भी सुबह तय समय पर ही टेकआफ होता था। इससे यात्रियों को सुविधा होती है। खासतौर पर कनेक्टिंग उड़ानों से रवाना होने वालों को सही समय पर उड़ान मिलने का भरोसा बना रहता है। वर्तमान में कभी तकनीकी खराबी तो कभी मौसम की खराबी से उड़ानें लेट हो रही हैं, क्योंकि किसी भी कंपनी का बेस स्टेशन नहीं है। छह साल पहले जेट एयरवेज ने भी भोपाल में बेस स्टेशन बनाने की तैयारियां की थीं, लेकिन अचानक कंपनी संकट में आ गई और सभी उड़ानें बंद करनी पड़ीं। आमतौर पर एयरलाइंस कंपनियां कम यात्री संख्या के कारण बेस स्टेशन नहीं बनातीं।

किसी समय भोपाल एयरपोर्ट देश के उन हवाई अड्डों में शामिल था, जहां से कंपनियों को उम्मीद के अनुरूप यात्री नहीं मिलते थे। अब यह बीते दिनों की बात हो चुकी है। यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। पैसेंजर ग्रोथ रेट 20 प्रतिशत हो चुका है, ऐसे में बेस स्टेशन बनने की बड़ी बाधा दूर हो गई है। माना जा रहा है कि इस साल के अंत तक एयर इंडिया की सहयोगी कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस भोपाल में बेस स्टेशन बनाएगा। कंपनी ने भोपाल से बेंगलुरु एवं पुणे उड़ान के लिए सर्वे भी किया है।

## मां और शिशु के स्वास्थ्य की कुंडली तैयार करने में मध्य प्रदेश के छोटे शहर आगे

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** गर्भवती महिलाओं व नवजात शिशुओं की स्वास्थ्य कुंडली तैयार करने में भोपाल, इंदौर और जबलपुर जैसे बड़े शहर पीछे रह गए हैं। झाबुआ जिला पहले स्थान पर है। आलीराजपुर दूसरे, रीवा तीसरे, रायसेन चौथे, भिंड पांचवे, धार छठे और भोपाल सातवें नंबर पर है। ग्वालियर 11वें पायदान पर है। अनमोल एप पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार प्रदेश स्तर पर ग्वालियर जिले के पिछले साल के मुकाबले इस साल के नतीजे खराब हैं। अनमोल पोर्टल सिस्टम के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के पंजीकरण का उद्देश्य जच्चा व बच्चा की समुचित देखभाल करना है। आंकड़े ऑनलाइन होने से उनके लिए आवश्यक संसाधन और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने की योजना पहले ही तैयार करना है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के तीन माह के आंकड़ों में झाबुआ, आलीराजपुर, रीवा, रायसेन, भिंड और धार ने बड़े शहरों को आईना दिखाने का काम किया है।



जबलपुर 33वें और इंदौर शहर 42 वें स्थान पर है। जबलपुर में 58 प्रतिशत और इंदौर का 50.19 प्रतिशत काम हुआ है। हालांकि भोपाल टॉप टेन में जगह बनाकर सातवें नंबर पर है, यहां 70.64 प्रतिशत काम हुआ। ग्वालियर 11वें स्थान पर हैं। यहां 67 प्रतिशत पंजीयन एएनएम कर पाईं। दरअसल पंजीयन की स्थिति खराब होने के पीछे ग्वालियर में स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा इस योजना पर फोकस नहीं किए जाने के साथ आदिवासी क्षेत्रों में आयुष्मान कार्ड बनाने के काम पर फोकस दिया जाना रहा। महिलाओं व शिशुओं के स्वास्थ्य को लेकर अधिकारी गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं।

# सायबर तहसील ने राजस्व विभाग की सेवाओं को बनाया अधिक जनहितैषी

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राजस्व विभाग की सेवाओं के प्रदाय को सायबर तहसील के माध्यम से अधिक जनहितैषी बनाया गया है। सायबर तहसील के माध्यम से नामांतरण की सेवा में मानवीय हस्तक्षेप आंशिक करते हए, नामांतरण प्रकरणों का न्यूनतम समय में निराकरण करने एवं नामांतरण आदेश उपरांत भू-अभिलेखों में अमल सुनिश्चित करने, सत्यापित भू-अभिलेखों की प्रति नागरिकों को रियल टाइम में उपलब्ध कराने में सहायक हुई है।



प्रदेश में 29 फरवरी 2024 से सभी जिलों में सायबर तहसील परियोजना लागू की गई है।प्रदेश में सायबर तहसील की स्थापना के पूर्व रजिस्ट्री के उपरांत नामांतरण कराये जाने एवं उसका अमल भू-अभिलेखों में कराये जाने के सम्बन्ध में नागरिकों को विभिन्न कार्यालयों में जाना होता था। सायबर तहसील की स्थापना से अब अविवादित नामांतरण के प्रकरण रजिस्ट्री के बाद ऑनलाइन निराकृत हो रहे हैं। आम नागरिकों को इससे सुविधा हो गई है। सायबर तहसील की अवधारणा को साकार करने के लिये म.प्र. भू-राजस्व संहिता, 1959 में संशोधन के बाद, सायबर तहसील की प्रक्रिया नियम, 2022 बनाये गए हैं। सायबर तहसील को साकार रूप प्रदान किये जाने के लिये आरसीएमएस पोर्टल में सायबर तहसील मॉड्यूल प्रारंभ किया गया है। प्रदेश में सायबर तहसील में लगभग 72 हजार से अधिक मामलों का निराकरण किया गया है तथा भू-अभिलेख में शत-प्रतिशत अमल किया जाकर, नागरिकों को रियल टाइम में नामांतरण आदेश एवं अद्यतन अभिलेख की प्रतियां डिजिटल स्वरूप में (व्हाटसएप, ई-मेल) उपलब्ध कराई गई हैं। इसके लिये चार अलग-अलग पोर्टल (आरसीएमएस, वेब जीआईएस (भूलेख), संपदा, सारा) से इंटिग्रेशन का कार्य किया गया है। प्रथम चरण में सायबर तहसील में सम्पूर्ण खसरा भूमि के विक्रय-पत्रों का नामांतरण प्रारम्भ किया गया है, जिसका विस्तार सभी प्रकार के अविवादित नामांतरण एवं बंटवारे के मामलों के लिए निकट भविष्य में किये जाने की योजना है। सायबर तहसील सिंगल विंडो सुविधा के माध्यम से नामांतरण होता है।

## सिर में थे पपड़ी जैसे घाव, लगातार झड़ रहे थे बाल, एम्स में होम्योपैथिक उपचार से मिली राहत

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भोपाल के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के आयुष विभाग में होम्योपैथी पद्धति से कई क्रोनिक बीमारियों का इलाज किया जा रहा है। हाल ही में स्कैल्प सोरायसिस से परेशान 21 वर्षीय युवक को उपचार दिया गया। वह मरीज पिछले एक वर्ष से सिर पर लगातार पपड़ियां (प्लाक) जैसे घावों से पीड़ित था और बाल भी झड़ते जा रहे थे। उसने इस बीमारी के इलाज के लिए कई जगह डाक्टरों को दिखाया लेकिन कहीं भी उसे रहत नहीं मिली।आखिरकार एम्स भोपाल के आयुष विभाग की होम्योपैथिक ओपीडी पहुंचा। डॉ. आशीष कुमार दीक्षित ने रोगी के सिर की जांच करने के बाद पाया कि लंबे समय तक सिर पर पपड़ी जमने से घाव हो गए, जिसके कारण उसके बाल भी झड़ गए थे। लगभग दो महीने चले इलाज के बाद मरीज कि स्थिति में सुधार हुआ और रोगी के सिर से पपड़ी (प्लाक) पूरी तरह से समाप्त हो गई। नए बाल भी आ गए। रोगी का उपचार अभी भी चल रहा है। दवा के अलावा रोगी को सिर की अच्छी स्वच्छता बनाए रखने और हाइड्रेटेड रहने की सलाह दी गई। डॉ. दीक्षित ने बताया कि यह रोग क्रोनिक होता है। स्कैल्प सोरायसिस एक आम त्वचा विकार है, जिसकी विशेषता स्कैल्प पर मोटी, पपड़ीदार पट्टिकाएं होती हैं, जो माथे, गर्दन के पीछे और कानों के आस-पास तक फैल सकती हैं। यह खुजली, बेचैनी और शर्मिंदगी का कारण बन सकता है, जो व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करता है।

## एमएसएमई औद्योगिक इकाईयों को प्रोत्साहन राशि का भुगतान केन्द्रीयकृत ऑनलाईन प्रणाली से होगा-मंत्री काश्यप

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** एमएसएमई श्रेणी की औद्योगिक इकाईयों को प्रोत्साहन राशि वितरण की वर्तमान प्रचलित प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सरलीकृत बनाने के उद्देश्य से समस्त भुगतान केन्द्रीयकृत ऑनलाईन भुगतान/वितरण प्रणाली के माध्यम से उद्योग संचालनालय स्तर पर किये जाने का निर्णय लिया गया है। उल्लेखनीय है कि एमएसएमई मंत्री श्री चेतन्य कुमार काश्यप ने उक्त आशय के निर्देश दिए थे। एमएसएमई प्रोत्साहन व्यवसाय निवेश संबर्धन सुविधा प्रदाय योजना में वर्ष 2023-24 में 490 करोड़ का बजट प्रावधान था, जिसे बढ़ाकर वर्ष 2024-25 में 699.20 करोड़ रूपये किया गया है। बजट में विगत वित्त वर्ष की तुलना में 40 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की गई हैं। मध्यम श्रेणी की इकाईयों के लिये पहली बार राशि रूपये 100 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया हैं। मध्यप्रदेश में एमएसएमई श्रेणी की इकाईयों के प्रोत्साहन



के लिये मध्यप्रदेश एमएसएमई प्रोत्साहन योजना 2021 लागू हैं, जिसमें सूक्ष्म लघु श्रेणी की इकाईयों के लिए 40 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि का प्रावधान है। इसी प्रकार मध्यम श्रेणी की इकाईयों के लिए 40 प्रतिशत तक एवं मध्यम श्रेणी की खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों को मूल सहायता का डेढ़ गुना तक प्रोत्साहन राशि एवं अन्य सुविधायें दिये जाने का प्रावधान हैं। पूर्व में सूक्ष्म एवं लघु श्रेणी की इकाईयों के लिए प्रोत्साहन राशि का भुगतान जिला स्तर से किया जाता था, जिससे इकाईयों को प्रोत्साहन राशि वितरण/भुगतान प्रक्रिया जटिल थी एवं विलम्ब होता था। अब सरलीकरण एवं पारदर्शिता के लिए एमएसएमई मंत्री श्री चेतन्य कुमार काश्यप द्वारा निर्देश दिये गए जिसके अनुक्रम में एमएसएमई श्रेणी की औद्योगिक इकाईयों को प्रोत्साहन राशि वितरण की वर्तमान प्रचलित प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सरलीकृत बनाने के उद्देश्य से उक्त समस्त भुगतान केन्द्रीयकृत ऑनलाईन भुगतान/वितरण प्रणाली के माध्यम से उद्योग संचालनालय स्तर पर किये जाने का निर्णय लिया गया है। सुचारू संचालन के लिये वित्त विभाग द्वारा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग को पृथक से पी.डी. अकाउण्ट स्वीकृत किया गया हैं। केन्द्रीयकृत भुगतान प्रणाली अन्तर्गत प्रदेश के समस्त स्वीकृत प्रकरणों में पात्र इकाईयों को उत्पादन दिनांक के वरियता क्रम में पी.डी. अकाउण्ट के माध्यम से उनके खाते में राशि का सीधा भुगतान/वितरण उपलब्धता अनुसार पारदर्शी प्रक्रिया से किया जा सकेगा।

## इस्कॉन ने शहर में निकाली जगन्नाथ रथयात्रा, रथ खींचने उमड़े श्रद्धालु

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** इस्कॉन मंदिर पटेल नगर की ओर से शनिवार को शहर में भव्य जगन्नाथ रथयात्रा निकाली गई। पुराने शहर में निकली इस रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ के रथ को खींचने के लिए बड़ी सख्या में श्रद्धालु उमड़े। भगवान जगन्नाथ, बलदेव और सुभद्रा माता रथ में विराजमान किए गए। रथ को सुंदर सुगंधित पुष्प द्वारा सजाया गया था। रथ को 100 किलो पुष्प गेंदा, मोगरा, आर्किड, गुलाब से सजाया गया था। रथयात्रा शाम चार बजे भोपाल टाकीज चौराहा से शुरू हुई, जो पुराने शहर के विभिन्न मार्गों होती हुई, नए शहर रोशनपुरा, न्यू मार्केट होते हुए प्लेटिनम प्लाजा पर पहुंचीं। भोपाल, देश के अलग-अलग शहरों के अलावा इस्कॉन से जुड़े नीदरलैंड, रसिया सहित अन्य देशों से भी कई भक्त शामिल हुए। कृष्ण के संकीर्तन की ध्वनि में सभी श्रद्धालु आनंद विभोर हो उठे। 500 किलो खाजा प्रसाद, रथ यात्रा में भक्तों को वितरित किया गया। रथ यात्रा का स्वागत सामाजिक संगठन व धार्मिक संगठन



के लोगों द्वारा किया गया। कई जगह पुष्प वर्षा की गई। भगवान जगन्नाथ के रथ को दुर्गा मंदिर, काली मंदिर, गुरुद्वारा, मालाबार ज्वेलर, होंडा शोरूम जैसे अनेको स्थानों में आरती के साथ स्वागत किया गया।

रामेश्वर शर्मा विधायक ने भी आकर भगवान का रथ खींचा व कीर्तन में भाग लिए। जगन्नाथ रथ यात्रा में युवाओं ने स्वच्छता का विशेष ध्यान रखते हुए जो भी मार्ग में कचरा निकलता उसको समेटते गए। रथयात्रा का समापन प्लेटिनम प्लाजा माता मंदिर पर रात आठ बजे हुआ। इस मौके पर भक्तों को खिचड़ी और हलवा प्रसाद वितरित किया गया। राज्यमंत्री कृष्णा गौर, विधायक रामेश्वर शर्मा सहित शहर के कई गणमान्य लोगों ने रथ खींचा।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस का भव्य उद्घाटन समारोह सम्पन्न

## विद्यार्थी पुस्तक सहायता प्रकोष्ठ का हुआ उद्घाटन



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा 55 उन्नयित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस का उद्घाटन समारोह गृह मंत्री भारत सरकार के मुख्य आतिथ्य एवं मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। राज्यस्तरीय कार्यक्रम का इंदौर से संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी परिस्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में सव प्रसारण देखा एवं सुना गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोकसभा क्षेत्र सीधी के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि आज से संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी परिस्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी परिस्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी के नाम से जाना जायेगा। यह जिले के लिए उपलब्धि है।

उन्होने कहा कि उन्होंने भी अपनी शिक्षा संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी परिस्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी से 1972-73 में प्राप्त की है। यह महाविद्यालय दिन प्रतिदिन आगे बढ़ रहा है। बच्चों को संबोधित करते हुए सांसद डॉ. मिश्रा ने कहा कि महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के भविष्य में कुछ बनने एवं बिगड़ने का यही समय है। हमेशा यही प्रयास करें कि महाविद्यालय में जो भी समय दे रहें है उसका सही उपयोग करें और अपने साथ महाविद्यालय एवं जिले का भी विकास करें। उन्होने कहा कि महाविद्यालय में जो भी संसाधन नहीं है उसकी उन्नति के लिए और अधिक प्रयास करूंगा। इस महाविद्यालय को प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को धन्यवाद दिया।

विधायक सीधी रीती पाठक ने कहा कि आज इस बात की खुशी है कि सामान्य महाविद्यालय से प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस में उन्नयन होने से ज्यादा सुविधाएं एवं पाठ्यक्रम संचालित है। नई शिक्षा नीति के अनुसार प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस में अब संस्कृति को भी प्राथमिकता दी गई है। उन्होने बताया कि प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस महाविद्यालयों को बस की सुविधा प्रदान की गई है जिसमें बच्चे 1 रूपये में सफर कर सकते है। बस चिन्हित स्थानों पर ही रूकेगी।

विधायक धौहनी कुॅवर सिंह टेकाम ने कहा कि महाविद्यालय उन्नति कर रहा है। मैने भी अपनी शिक्षा संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी परिस्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी से प्राप्त की है। विधायक टेकाम ने प्रधानमंत्री, गृह मंत्री एवं मुख्यमंत्री को धन्यवाद करते हुए कहा कि संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी परिस्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी को प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी परिस्नातकोत्तर महाविद्यालय बनाया गया है जिससे शिक्षा में और अधिक वृद्धि हो गई है जिससे महाविद्यालय में अध्ययनरत सभी बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर जिले का नाम रोशन करेगें।

विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह एक ऐतिहासिक क्षण है। जिसमें प्रदेश के सभी जिलों के महाविद्यालयों के साथ-साथ अपने जिले के संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी परिस्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी को प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी परिस्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी मे उन्नयन किया गया है। उन्होने प्रधानमंत्री, गृह मंत्री एवं मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया कि प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सभी जिलों मे एक साथ चालू हो गई है। जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश के 55 जिलो में महाविद्यालय को प्रधानमंत्री कॉलेज आफएक्सीलेंस प्रदान किये है जिसमें नई शिक्षा नीति के सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध होंगे। इसके लिए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी.के. सिंह ने स्वागत भाषण में सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय में खुले नवीन पाठ्यक्रमों की जानकारी दी तथा महाविद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए महाविद्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक डॉ. अरविन्द कुमार त्रिपाठी एवं आभार प्रदर्शन डॉ. आर.बी.एस. चौहान द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह परिहार, भाजपा जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान, इन्द्रशरण सिंह चौहान, कमलेश्वर चतुर्वेदी, अजय मिश्रा, पुष्पराज सिंह, भोला गुप्ता, देवेन्द्र त्रिपाठी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे, अपर कलेक्टर राजेश शाही, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. प्रभाकर सिंह, डॉ. के.एम. नेताम, डॉ. संतोष सिंह, डॉ. आर.एन. स्वर्णकार, डॉ. पी.के. शर्मा, डॉ. गुलशेर अहमद, डॉ. अश्वनी कुमार द्विवेदी, डॉ. वाईपी साहू, गणमान्य नागरिक एवं भारी संख्या में महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

मध्य प्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी विद्यार्थी पुस्तक सहायता प्रकोष्ठ, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ, विद्यावन एवं विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ का फीता काटकर सांसद एवं विधायक द्वारा उद्घाटन किया गया। साथ ही विद्यार्थी बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम के उपरांत विद्यावन में सभी अतिथियों द्वारा पौधा रोपण का कार्य किया गया।

## नामांकन एवं मैपिंग नहीं करने वाले 44 प्राचार्यों के विरुद्ध होगी कार्यवाही

### जिला शिक्षा अधिकारी ने जारी किया कारण बताओ सूचना पत्र

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में शिक्षा सत्र एक अप्रैल से प्रारंभ है। विद्यार्थियों की शिक्षा पोर्टल पर कक्षोन्नति अर्थात् नामांकन की कार्यवाही प्राचार्यों द्वारा नहीं करने के कारण जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा व्यक्तिगत रूप से दूरभाष से संपर्क कर एवं दिनांक 12 जुलाई को क्रमांक-02 सीधी में बैठक लेकर प्राचार्यों को शत-प्रतिशत नामांकन, मैपिंग एवं कक्षोन्नति के निर्देश दिये गये थे। इसके बावजूद प्राचार्यों द्वारा कार्य में घोर लापरवाही की गई है और विभाग की छवि धूमिल हुई।

डॉ. पी.एल.मिश्र जिला शिक्षा अधिकारी ने प्राचार्यों के इस कृत्य और लापरवाही को म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3(1) एवं नियम 12 का उल्लंघन मानते हुये प्राचार्यों को दो दिवस के भीतर शत-प्रतिशत नामांकन कराने के निर्देश देते हुये कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है।

विकासखण्ड सीधी में उत्कृष्ट विद्यालय सीधी, सेमरिया, क्रमांक-02 सीधी, खाम्ह, चौफाल, पनवार, बम्हनी, सीधी खुर्द, हड़बड़ो, पिपरोहर, कमर्जी, धुम्मा एवं बरम्बाबा, विकासखण्ड सिहावल में बहरी, बालक पतुलखी, हटवाखास, सपही, अमिलिया, सुड़वार, बिठौली, कुचवाही, मॉडल स्कूल सिहावल, टीकर, अमरपुर, खुटेली एवं बघोर, विकासखण्ड रामपुर नैकिन में कंधवार, खड्डी, उत्कृष्ट रामपुर नैकिन, हनुमानगढ़, बागढ़, कन्या चुरहट, चकड़ौर, पोस्ता, बालक चुरहट, कन्या रामपुर नैकिन एवं मॉडल स्कूल रामपुर नैकिन तथा विकासखण्ड मझौली में ताला, टिकरी, मड़वास, खड़ौरा एवं नौढ़िया के प्राचार्यों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

### कुल्हाड़ी मारकर हत्या करने का मामला

## पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, उस पर मारपीट सहित 6 अपराध पूर्व से दर्ज हैं




**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** नौगांव थाना पुलिस ने रविवार शाम हत्या का खुलासा किया। जिसमें नौगांव थाना क्षेत्र की लुगासी चौकी अंतर्गत शनिवार शाम एक युवक की कुल्हाड़ी मारकर हत्या के मामले में आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे की अंदर गिरफ्तार कर विवेचना जारी है। जानकारी के अनुसार ग्राम धीरजपुरा में पुरानी रंजिश को लेकर शनिवार शाम 5 बजे एक विवाद हुआ था। जिसमें पीड़ित शंकर यादव को कुल्हाड़ी मारकर चोट पहुंचाने की सूचना प्राप्त हुई थी, जिसके उसको गंभीर चोट होने की वजह से पीड़ित को उपचार हेतु अस्पताल रवाना किया।

जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। जिसके बाद मृतक के परिजनों एवं साक्ष्यों के कथनों, घटनास्थल के भौतिक निरीक्षण से प्राप्त साक्ष्य के आधार पर हत्या में सम्मिलित एक दर्जन आरोपियों के विरुद्ध हत्या का अपराध भारतीय न्याय संहिता की धारा 191 (2),( 3), 190 103 118(1) 296 के तहत पंजी बद्ध किया गया था।

घटना को गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने टीम गठित कर अति शीघ्र आरोपियों की गिरफ्तारी के तलाश शुरू कर दी। जिसके बाद थाना प्रभारी नौगांव निरीक्षक सतीश सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा हत्या की घटना के मुख्य आरोपी करण यादव को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया गया। हत्या में प्रयुक्त धारदार हथियार कुल्हाड़ी जब्त की गई। आरोपी ने हत्या का मुख्य कारण पुरानी रंजिश बताई है।

नौगांव थाना प्रभारी सतीश सिंह ने बताया कि हत्या का मुख्य आरोपी करण यादव एक आदतन अपराधी हैं जो ग्राम धीरजपुरा का रहने वाला है। जिसके विरुद्ध पूर्व से अनियंत्रित वाहन चलाकर गैर इरादतन हत्या,अवैध शराब, अवैध हथियार, मारपीट जैसे 6 अपराध पूर्व से पंजी बद्ध हैं।

## माता का दरबार सामाजिक सांस्कृतिक सेवा समिति द्वारा मुक्तिधाम में किया गया वृक्षारोपण



**मीडिया ऑडीटर, रीवा निप्र।** माता का दरबार सामाजिक सांस्कृतिक सेवा समिति द्वारा प्रत्येक रविवार मुक्तिधाम पर विशेष सफाई का कार्यक्रम रविवार को किया जाता है आज दिनांक 14 .7.2024 को मुक्तिधाम निगम आयुक्त डॉक्टर सौरव सोनवणे द्वारा मुक्तिधाम का निरीक्षण किया और वहां की साफ सफाई और दरबार द्वारा किए गए कार्य का निरीक्षण किया दरबार द्वारा मुक्ति धाम पर संस्कार कार्य को संपन्न करने के लिए समुचित व्यवस्थाप एवं बैठक व्यवस्था के लिए शेड निर्माण एवं सफाई कर्मी की नियमित नियुक्ति ताकि परिसर स्वच्छ और साफ रहे साथ ही संस्कार के पूर्व नहलाने के लिए पानी एवं छाया की अति आवश्यक है उसके अलावा लावारिस दफनाया जाता है जिसके कारण मुक्तिधाम पर कई तरह दिखाते आ रही है इसके लिए आयुक्त से किस बड़ी पुल के पास शिफ्ट करने की मांग की आयुक्त द्वारा मुक्तिधाम पर एक पेड़ अपने मां के नाम अभियान में एक पेड़ आम का वृक्षारोपण किया उसके पश्चात दरबार के सदस्यों द्वारा भी वृक्ष लगाए गए उन्होंने वहां वहांपर लगे हुए वृक्षों को देखकर संस्था के सदस्यों को इसी तरह से और वृक्ष लगाने और मुक्तिधाम को स्वच्छ और सुंदर रखने की सलाह दी इस सेवा कर में राजेंद्र निगम विवेक दुबे विनोद गुप्ता प्रदीप पांडे स्वास्थ्य अधिकारी बालमुकुंद चतुर्वेदी वार्ड पार्षद सैयद अख्तर मुन्ना राहुल गुप्ता बीवी रावत राजकुमार तंबाकार मंटू गुप्ता युवराज गुप्ता शेखर सचदेवा मनोज श्रीवास्तव अमित तंबाकार तेज मोहन प्रणामी कारु भाई सुरेश बिश्नोई किशोर चलानी लवकुश गुप्ता इंद्रजीत भाटिया सोनू मोटवानी विभु सूरी अमित श्रीवास्तव नानकराम पंजवानी आदि दरबार के सदस्य उपस्थित थे।

### दिनदहाड़े युवक की गोली मारकर हत्या

## संगरौली के चितरंगी थाना क्षेत्र की घटना, आरोपी भाजयुमो मंडल अध्यक्ष गिरफ्तार




**मीडिया आडीटर, सिंगरौली निप्र।** सिंगरौली जिले के चितरंगी थाना क्षेत्र के तेंदूहा गांव में शनिवार को एक बाइक सवार युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को देर रात गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद चितरंगी एसडीओपी आशीष जैन और थाना प्रभारी शेषमणि पटेल मौके पर पहुंचे जांच शुरू की।

जानकारी के अनुसार दुर्दूरा निवासी लाले पिता मुनीलाल बंसल (23) शनिवार सुबह अपनी बाइक पर सवार होकर चितरंगी से पोड़ी की तरफ जा रहा था। इस दौरान एक कार में सवार अज्ञात लोगों ने उसका पीछा कर तेंदूहा गांव में पिस्टल से लाले बंसल पर गोली चला दी। लाले बंसल को सीने और पेट के बीच गोली लगी जिससे वह गंभीर घायल हो गया। वारदात के बाद आरोपी एक्सयुवी कार से फरार हो गए।

घायल अवस्था में वह मौके से करीब दो किमी दूर तक बाइक चलाकर ले गया और स्थानीय लालमणि कोल से मदद मांगी। इसके बाद अस्पताल ले जाने के दौरान तेंदुहा प्राथमिक स्कूल के पास उसकी मौत हो गई।

**एक आरोपी गिरफ्तार:** मामले में चितरंगी थाना प्रभारी शेषमणि पटेल ने बताया कि शनिवार देर रात गोली चलाने वाले आरोपी अभिषेक पांडेय पिता अनिल पांडेय (30) को गिरफ्तार कर लिया है। वह बीजेपी युवा मोर्चा चितरंगी मंडल का अध्यक्ष है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

**एसपी ने बताया घटनाक्रम:** एसपी निवेदिता गुप्ता ने बताया कि चितरंगी थाना क्षेत्र के दूरदुरा गांव में लाले बसोर नामक व्यक्ति की मौत की सूचना मिली थी। शव के परीक्षण पर सामने आया कि व्यक्ति की मौत गोली लगने से हुई है। आसपास के लोगों ने भी बताया कि गोली चलने की आवाज आई थी।

कार पीछे से निकली है। एसडीओपी के निर्देश में टीम को एक्टिव किया गया। पिस्टल का लाइसेंस चितरंगी और गढ़वा में कितने लोगों के पास है। इसकी लिस्ट निकाली गई और एक्सयूवी 300 गाड़ी के मालिक का नाम आरटीओ के वेबसाइट से पता लगा लिया गया।

6 से 7 घंटे में आरोपी का नाम पता चल गया शनिवार रात 2:30 बजे उसे अरेस्ट किया गया है। हत्या की कोई विशेष वजह सामने नहीं आई है। मृतक बाइक से जा रहा था। बाइक पर एक व्यक्ति और भी सवार था। रास्त में बाइक एक बकरे से टक्करा गई। जिससे मृतक का साथी जो बाइक पे सवार था। वो गिर गया।

इसके बाद मृतक बाइक चालक बिना रुके जा रहा था। इस पर चार पहिया वाहन चालक को लगा कि शायद बाइक चालक ने अपनी ही साथ को मार दिया है। इसलिए आरोपी उसका पीछा करते हुए बोल रहा था कि रुक जाओ नहीं तो गोली मार देंगे और फाइनली उसने बाइक चालक को गोली मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई।

पिस्टल का लाइसेंस इसी साल इश्यू हुआ है और पिस्टल को जून महीने में खरीदी गई थी। आरोपी अभिषेक पांडेय (30)निवासी गुलहरिया गांव थाना गढ़वा का है। आरोपी को गिरफ्त में ले लिया गया है। उसे कोर्ट में पेश किया जा रहा है।

## चोरी के मामले में 6 बदमाश गिरफ्तार

### चुराई गई बाइक भी जब्त




**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** सटई थाना पुलिस ने रविवार शाम बाइक चोरी का खुलासा किया। पुलिस ने बताया कि 22 मई को फरियादी बहादुर आदिवासी निवासी कुपिया की मझगुवां के जंगल में बाइक चोरी हो गई थी। जिसके बाद बहादुर ने सटई थाने में रिपोर्ट की थी।

13 जुलाई की सुबह साक्ष्य के अनुसार थाना प्रभारी सटई, दीपक यादव एवं पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर संदेह के आधार पर विजय अहिरवार निवासी राधेपुर थाना कोतवाली, कालू उर्फ दिनेश अहिरवार निवासी कुटिया, प्रवीण अहिरवार निवासी कुटिया एवं विशाल अहिरवार निवासी कुटिया थाना बमीठा, 2 नाबालिगों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई।

जिन्होंने जुर्म करना स्वीकार किया एवं चोरी गई बाइक व पावर बैंक आरोपियों के कब्जे से बरामद की गई।

उक्त 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया, एवं दो विधि विरुद्ध बालकों को बाल सुधार गृह दाखिल किया गया।

## शह-सवारे करबला की शह सवारी को सलाम

**मीडिया ऑडीटर, रीवा निप्र।** खुदाबन्द करीम के महबूब नबी सारे आलम के लिये रहमत बना कर भेजे गये इस्लाम धर्म के आखिरी पैगम्बर हज़रत मुहम्मद सल्ललाहो अलैहे वसल्लम के नवासे शहीदे आज़म हज़रत इमाम हुसैन रजिअल्लाह तआला अन्हो तथा उनके आल द्वारा नाना के दीन की हिफाज़त के लिये कर्बला के जंगी मैदान मे दी गई शहादत की याद मे मनाये जाने वाले मोहर्रम की 7वीं तारीख गत 14 जुलाई को मोहर्रम का अलम (निसान) लेकर अलमदार अपने-अपने मुकाम से रवाना होकर शाहभोलन शरीफ सिटी कोतवाली पंहुचे तथा बाद मिलान अलमदारों की टोली फोर्ट रोड, सिंधी चौराहा, स्टेचू चौराहा, प्रकाश चौराहा होकर छोटी दरगाह पंहुची, जहां हाज़री और फातेहा के बाद अलम का जुलूस बड़ी दरगाह गया और फिर वहां से अपने मुकामो मे वापस हुयें। वहीं कल शाम शाहभोलन सिटी कोतवाली, छोटी दरगाह एवं अखाड़ घाट बिछिया मे हज़ारों की संख्या मे मर्द-औरत फातेहा के लिये पंहुचें।

# कांसेप्ट कम्युनिकेशन कंपनी मुम्बई ने मान्या पाण्डेय को नियुक्त किया एन्फ्युएंसर

## सोशल मीडिया के माध्यम से योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेगी मान्या पाण्डेय



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** विंध्य की राष्ट्रीय लोक गायिका मान्या पाण्डेय को कांसेप्ट कम्युनिकेशन कंपनी मुम्बई ने एन्फ्युएंसर नियुक्त किया है। मान्या पाण्डेय कंपनी के निर्देशन में शासकीय योजनाओं का गीत तैयार कर, गाने का वीडियो कंपनी को देंगी और अपने सोशल नेटवर्किंग साइड से भी प्रचार-प्रसार करेगी। विगत दिनों मध्यप्रदेश सरकार द्वारा चलाये गये जल गंगा संवर्धन अभियान पर पर राष्ट्रीय लोक गायिका मान्या पाण्डेय ने जो गीत गये थे।

उनकी काफी चर्चा हुई और मध्य प्रदेश जनसंपर्क विभाग द्वारा पूरे प्रदेश में उक्त गानों को चलाया गया था। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी मान्या पाण्डेय के गीतों को अपने सोशल मीडिया एकाउंट से जारी कर, मान्या पाण्डेय को बधाई दी थी। मध्य प्रदेश शासन की अनुशंसा पर राष्ट्रीय लोक गायिका मान्या पाण्डेय को कांसेप्ट कम्युनिकेशन कंपनी मुम्बई ने एन्फ्युएंसर नियुक्त किया है। मान्या विंध्य क्षेत्र की एकलौती लोक गायिका हैं जिन्हें मध्य प्रदेश सरकार ने एन्फ्युएंसर के लिए अनुशंसा प्रदान की है। मान्या पाण्डेय विगत कई वर्षों से प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार का अपने गीतों के माध्यम से दायित्व निभा रही हैं। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वर्तमान में केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मान्या पाण्डेय को आजीवन मुफ्त शिक्षा दिलाने की घोषणा की थी और भोपाल बुलाकर सम्मानित किया था। विगत वर्ष 2023 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रीवा आगमन पर उनके सामने धरती कहे पुकार के कार्यक्रम की प्रस्तुति की थी। जिसे प्रधानमंत्री ने 11 मिनट खड़े होकर कार्यक्रम को देखा था।

उक्त कार्यक्रम का पूरे देश में सभी टीवी चैनलों, सोशल मीडिया में लाइव प्रसारण हुआ था। जिसमें मान्या पाण्डेय की कला को पूरे देश ने देखा था। उक्त कार्यक्रम के बाद मान्या पाण्डेय को देश भर में बुलाया जाने लगा। मान्या पाण्डेय की प्रतिभा और लोक प्रियता को देखते हुए मुम्बई की कांसेप्ट कम्युनिकेशन कंपनी ने मान्या पाण्डेय को एन्फ्युएंसर नियुक्त किया है। कंपनी राष्ट्रीय लोक गायिका मान्या पाण्डेय को इस काम के लिए अच्छा खासा मानदेय भी प्रदान करेगी।

# विचार

## राजनीतिक इतिहास में सबसे विवादास्पद अध्यायों में से एक है आपातकाल

आपातकाल की दर्दनाक घटना को नागरिकों की स्वतंत्रता और अधिकारों की हमेशा रक्षा करने में लोकतांत्रिक संस्थानों की जिम्मेदारी की याद दिलानी चाहिए। 25 जून 1975 को, प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत राष्ट्रीय आपातकाल की स्थिति घोषित करने की सलाह दी। इसने 21 महीने की अवधि की शुरूआत को चिह्नित किया जो भारत की स्वतंत्रता के बाद के राजनीतिक इतिहास में सबसे विवादास्पद और काले अध्यायों में से एक है। नागरिक स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का निलंबन, सरकारी कार्यों में मनमानी और अन्य उपायों के अलावा कठोर न्यायिक हिरासत कानूनों के तहत विपक्षी नेताओं और असंतुष्टों की अंधाधुंध गिरफ्तारियां आज भी हमें परेशान कर रही हैं। 1975-77 के आपातकाल में ऐसे संशोधन भी देखने को मिले, जिन्होंने संवैधानिकता की भावना को ठेस पहुंचाई। नागरिकों को उम्मीद थी कि शीर्ष अदालत इस अंधेरे समय में हस्तक्षेप करेगी लेकिन उसने इसके बजाय इंदिरा गांधी की निरंकुश प्रवृत्ति के आगे घुटने टेक दिए। ए.डी.एम. कोर्ट में जबलपुर बनाम शिवाकांत शुक्ला (ए.आई.आर. 1976 एस.सी. 1207) एक गंभीर आलोचना वाला मामला था, जिसमें कहा गया था कि स्वतंत्रता के अधिकार सहित कुछ मौलिक अधिकार, कार्यपालिका की आपातकाल की घोषणा के बाद भी टिक नहीं पाए। उस फैसले ने शीर्ष अदालत के सम्मान को और भी कम करने का काम किया। इस प्रतिकूल अनुभव से सबक लेते हुए, नवगठित संसद ने 30 अप्रैल 1979 को संविधान के अनुच्छेद 368 के तहत अपनी शक्ति का प्रयोग करते हुए 44वां संशोधन पारित किया। यह संशोधन एक प्रमुख संवैधानिक बदलाव था, जिसे जनता पार्टी सरकार ने 42वें संशोधन के माध्यम से 1975-77 के आपातकाल के दौरान किए गए प्रतिगामी संवैधानिक परिवर्तनों को पूर्ववत करने और भविष्य की सरकारों द्वारा सत्ता के इसी तरह के दुरुपयोग के खिलाफ सुरक्षा उपाय लाने के लिए पारित किया था। जबल शिवाकांत शुक्ला (ए.आई.आर. 1976 एस.सी. 1207) ने इस मामले की कड़ी आलोचना की और कहा कि कार्यपालिका द्वारा आपातकाल की घोषणा के बावजूद स्वतंत्रता के अधिकार समेत कुछ मौलिक अधिकार जीवित नहीं रहे। बस उसी फैसले ने न्यायालय के सम्मान को और अधिक नष्ट करने का काम किया। भविष्य की सरकारों द्वारा किए गए संशोधन ने अनुच्छेद 21 के तहत अधिकारों को सुनिश्चित करके मूल स्थिति को बहाल कर दिया। आपातकाल के दौरान विपक्षी नेताओं की सामूहिक हिरासत को देखते हुए, निवारक नजरबंदी की बुराई से निपटने के लिए संविधान के अनुच्छेद 22 में महत्वपूर्ण सुरक्षा उपाय जोड़े गए (संविधान 44वें संशोधन अधिनियम, 1978 की धारा 3)। उसका पहला अनुभाग यह था कि किसी भी निवारक निरोध अधिनियम के तहत हिरासत की अवधि 3 महीने से घटाकर 2 महीने कर दी गई, दूसरा, स्टोरी बोर्ड ने 2 महीने की समाप्ति से पहले हिरासत की अवधि को 2 महीने से अधिक बढ़ाने के लिए अपनी राय दी और तीसरा, सलाहकार बोर्ड की संरचना को निर्दिष्ट किया

# क्या हरियाणा में आईएनएलडी व बसपा के बीच हुए गठबंधन से तीसरे मोर्चे को एक-बार पुन: पंख लगेंगे?

**कमलेश पांडे**

**लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा और कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने और सरकार चलाने के लिए क्षेत्रीय मित्र दलों पर निर्भर रहने से इलाकाई पार्टियों के हौसले बुलंद हैं।इनका कहना है कि एक दशक बाद ही सही, पर गठबंधन राजनीति का दौर एक बार फिर से लौट आया है। अलबत्ता, भाजपा के कमजोर होने और कांग्रेस की मजबूती के बाद इन दोनों दलों के खिलाफ काम करते रहने वाले तीसरे मोर्चे की सुगबुगाहट भी तेज हो चुकी है। क्योंकि चुनावों में जब भी त्रिकोणात्मक संघर्ष की नौबत आती है तो प्रायः सत्तापक्ष लाभान्वित होता है। इस वर्ष के अंत में तीन राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों में भी इसका असर दिखाई पड़ेगा, जिसकी शुरुआत हरियाणा से हो चुकी है।**






देखा गया कि हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर वहां पर कभी सत्तारूढ़ रही इंडियन लोकदल और कभी यूपी में सत्ता में रही बहुजन समाज पार्टी ने एक-दूसरे से हाथ मिला लिया है। साथ ही, दोनों दलों के गठबंधन ने तीसरे मोर्चे की संभावनाओं को तलाशने के लिए एक कमेटी भी गठित कर दी है, जो एनडीए के साथ रही जननायक जनता पार्टी और इंडिया ब्लॉक के साथ रही आप आदि दलों को इस तीसरे गठबंधन के साथ लाने की कोशिश करेगी। इस गठबंधन ने यह भी ऐलान कर दिया है कि वह भाजपा और कांग्रेस से समान दूरी बनाकर चलेगी और अन्य सभी दलों को साथ लेकर चलेगी। समझौते के मुताबिक, 90 सदस्यीय हरियाणा विधानसभा के चुनाव में इनैलो 53 और बसपा 37 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। वहीं, जब जजपा और आप इनके साथ होंगे तो इनैलो और बसपा अपनी सीटों में से उन्हें भी सम्मानजनक सीटें देंगी, ताकि तीसरा मोर्चा मजबूत हो। इसलिए सियासी हल्के में यह चर्चा जोर पकड़ चुकी है कि भारत के उपप्रधानमंत्री रहे और हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे चौधरी देवीलाल द्वारा स्थापित इंडियन लोकदल ने अपने पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला के पुत्र और पार्टी के इकलौते विधायक अभय चौटाला के नेतृत्व में दलितों की पार्टी बसपा से जो हाथ मिलाने की पहल की है, उसका दूरगामी असर हरियाणा विधानसभा चुनाव समेत अन्य चुनावों पर पड़ेगा। क्योंकि बसपा के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के भतीजे आकाश आनन्द ने यह घोषणा की है कि उनका गठबंधन अब बहुत दूर तक चलेगा। चर्चा है कि जब 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजों से यह पता चल गया कि स्थानीय जाट और एससी वर्ग ने बड़े पैमाने पर कांग्रेस को वोट दिया है, जिससे वह राज्य में मजबूती से पैर जमा चुकी है, तो उसे कमजोर करने के लिए राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा के इशारे पर जाट परिवार के नेतृत्व वाली आईएनएलडी और दलित नेता मायावती के नेतृत्व वाली बीएसपी 10 साल बाद राज्य में सियासी लड़ाई के लिए एक साथ आई हैं। जिस तरह से अचानक इंडियन नेशनल लोकदल (आईएनएलडी) और बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) ने आगामी हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए अपने गठबंधन की औपचारिक घोषणा करने के लिए फिर से एक साथ आए हैं, उसके सियासी मायने साफ हैं। वह यह कि कांग्रेस को यहां मजबूत होने से रोका जाये, अन्यथा उनकी राजनीति पुनः खतरे में पड़ जाएगी। बताते चलें कि अप्रैल 2018 में आईएनएलडी ने 2019 के लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव से पहले मायावती के नेतृत्व वाली बसपा पार्टी के साथ गठबंधन किया था और सकारात्मक परिणाम भी हासिल किया था। लेकिन 2018 में आईएनएलडी में विभाजन के बाद और 2019 के जींद उपचुनावों में आईएनएलडी के खराब प्रदर्शन के बाद ही बीएसपी ने गठबंधन खत्म करने का फैसला किया था। जो दोनों दलों के लिए आत्मघाती साबित हुआ। क्योंकि इससे पहले जब दोनों पार्टियों ने 1998 के लोकसभा चुनावों में गठबंधन किया था, तो हरियाणा में इनेलो ने 7 और बीएसपी ने 3 सीटों पर चुनाव लड़ा था और दोनों ने क्रमशः 4 और 1 सीट जीती भी थी। जबकि वर्तमान में आलम यह है कि 90-सदस्यीय हरियाणा विधानसभा में इनेलो के एकमात्र विधायक अभय चौटाला हैं, जबकि बीएसपी का कोई सदस्य नहीं है। यही वजह है कि गत गुरुवार को हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ में एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में इनेलो महासचिव अभय चौटाला और मायावती के भतीजे व बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद ने घोषणा की कि हरियाणा स्थित पार्टी इनैलो 90 विधानसभा सीटों में से 53 पर चुनाव लड़ेगी, जबकि शेष 37 सीटें बीएसपी को दी गई हैं। वहीं, इस गठबंधन के हिस्से के रूप में नेताओं ने इनेलो नेता अभय चौटाला को अपने मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में पेश करने का फैसला किया है, जो एक मजबूत सियासी कदम है। इस दौरान सीएम इन वेटिंग अभय चौटाला ने कहा कि हमने हरियाणा में आगामी विधानसभा चुनाव एक साथ लड़ने का फैसला किया है। क्योंकि आज आम लोगों ने भी भाजपा को सत्ता से बाहर करने और कांग्रेस को दूर रखने का मन बना लिया है, जिसने दस साल तक राज्य को लूटा है। वहीं, बसपा नेता आकाश आनंद ने घोषणा की कि उनका गठबंधन केवल विधानसभा चुनाव तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वे भविष्य में भी राज्य में अन्य चुनाव मिलकर लड़ेंगे। इससे साफ है कि बसपा जाट लैंड समझे जाने वाले पश्चिमी उत्तरप्रदेश से लेकर राजस्थान तक इस गठबंधन को भुनायेगी और खुद को और अधिक मजबूत बनाएगी। उल्लेखनीय है कि इस गठबंधन की घोषणा के बाद बसपा प्रमुख मायावती ने माइक्रो ब्लॉगिंग साइट एक्स पर पोस्ट किया कि बसपा और इनेलो मिलकर जनविरोधी पार्टियों को हराने और नई गठबंधन सरकार बनाने के लिए काम करेंगे। इससे यह साफ हो गया कि लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा का परोक्ष समर्थन करके बसपा को शून्य पर आउट करवाने वाली मायावती लोकसभा चुनाव के बाद एक बार फिर से सक्रिय हो चुकी हैं और यह उनका सबसे तगड़ा धमाका है। इससे अन्य राज्यों में भी बसपा को गठबंधन साथी मिलने के मार्ग प्रशस्त हो चुके हैं। बकौल मायावती, बहुजन समाज पार्टी व इण्डियन नेशनल लोकदल मिलकर हरियाणा में होने वाले विधानसभा आमचुनाव में वहाँ की जनविरोधी पार्टियों को हराकर अपने नये गठबन्धन की सरकार बनाने के संकल्प के साथ लड़ेंगे, जिसकी घोषणा मेरे पूरे आशीर्वाद के साथ आज चण्डीगढ़ में संयुक्त प्रेसवार्ता में की गयी। वहीं, उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री ने यहां तक उम्मीद जताई कि दोनों दलों के बीच एकता से विरोधियों को हराने और नई सरकार बनाने में बहुत मदद मिलेगी। उनकी इस घोषणा के बाद दिल्ली से हरियाणा तक यही चर्चा है कि भाजपा की बी टीम की तरह काम करने वाली मायावती अब क्या हरियाणा में कांग्रेस का खेल बिगाड़ेंगी? क्योंकि बीते आम चुनावों में हरियाणा में भाजपा की सीटें 10 से घटकर 5 रह गई, जबकि कांग्रेस ने 5 सीट झटक ली। कहने का तातपर्य यह कि वहां कांग्रेस ने बराबर-बराबर सीटें बांटीं। वहीं, खास बात यह कि सूबे में अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित दो संसदीय सीटें अंबाला और सिरसा भी कांग्रेस के खाते में गई है, जबकि अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित 17 विधानसभा क्षेत्रों में से 13 सीटें कांग्रेस के खाते में गई हैं। इस प्रकार आम चुनाव 2024 के नतीजों से साफ पता चलता है कि जाटों और अनुसूचित जातियों ने बड़े पैमाने पर कांग्रेस को वोट दिया है। हालांकि अब जिस तरह से जाट परिवार की अगुआई वाली पार्टी इनेलो और दलित नेत्री मायावती की अगुआई वाली बसपा फिर से एक साथ आ गई है, तो सियासी हलकों में इस बात पर चर्चा जोर पकड़ रही है कि क्या इनैलो-बसपा गठबंधन हरियाणा में कांग्रेस का खेल बिगाड़ पाएगा, जो कि इस चुनाव को 10 साल बाद सत्ता में वापसी के एक सुनहरे अवसर के रूप में देख रही है। इस बारे में स्थानीय राजनीतिक विश्लेषक बताते हैं कि उन्हें इस गठबंधन से बहुत उम्मीद नहीं है, क्योंकि यहां के जाट परिवार शुरू से ही दो खेमों में बंटे रहते हैं, जिसका मजबूत धड़ा हमेशा कांग्रेस के साथ रहता है। अभी कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा यहां के कांग्रेस चेहरा हैं, इसलिए कांग्रेस की स्थिति जाटों के बीच मजबूत बनी रहेगी। वहीं, संविधान बचाने के लिए दलित और लोकतंत्र बचाने के लिए मुस्लिम अल्पसंख्यक भी उसके साथ बने रहेंगे। हालांकि, किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले इनैलो-बसपा यानी दोनों पार्टियों के पिछले चुनावी प्रदर्शन को देखना होगा। जहां आम चुनाव 2024 में उनका संयुक्त वोट शेयर महज 3.15 प्रतिशत था, वहीं यदि 2019 के विधानसभा चुनाव के रिकॉर्ड पर नज़र डालें तो बसपा को मात्र 4.21 फीसदी और इनेलो को 2.44 फीसदी वोट मिले थे। इसी प्रकार 2014 के आम चुनाव में बसपा का वोट शेयर महज 4.4 फीसदी था, जबकि इनेलो को 24.1 फीसदी वोट मिले थे, लेकिन वह अविभाजित इनेलो था।

# उप-सभापति का चुनाव राजनीतिक औचित्य का मामला नहीं, संवैधानिक दायित्व

**मनीष तिवारी**

2024 के लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने और लोकसभा अध्यक्ष के रूप में ओम बिरला के चुनाव के साथ, 18वीं लोकसभा की दहलीज पर मौलिक संवैधानिक महत्व का एक मुद्दा उठाया जाना चाहिए। संविधान के अनुच्छेद 93 के तहत उप-सभापति का चुनाव कब किया जाएगा? क्या यह एक और शब्द होगा जो अनुच्छेद 93 के विशिष्ट परिसीमन के उल्लंघन में संसदीय प्रणाली को संवैधानिक पद से वंचित करेगा? दरअसल, उप-सभापति के चुनाव का मामला महज प्रक्रियात्मक औपचारिकता नहीं है। यह संवैधानिक अनुपालन, लोकतांत्रिक सिद्धांतों और भारत की संसदीय प्रणाली के उचित कामकाज के बारे में महत्वपूर्ण प्रश्न उठाता है। संविधान क्या आदेश देता है? = भारत के संविधान का अनुच्छेद 93 स्पष्ट रूप से साफ है। इसमें कहा गया है, 'जनता का सदन, जितनी जल्दी हो सके, सदन के 2 सदस्यों को क्रमशः अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के रूप में चुनेगा।' अनुच्छेद 93 में 'करेगा' शब्द का उपयोग महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह एक दायित्व को दर्शाता है जो विवेकाधीन की बजाय अनिवार्य है। कानून के प्रत्येक छात्र को 'हो सकता है' और 'करेगा' के बीच प्रारंभिक अंतर सिखाया जाता है। संविधान सभा की बहसों में डा. बी.आर. अम्बेडकर ने इन भूमिकाओं के महत्व पर जोर दिया। 19 मई, 1949 को उन्होंने कहा, 'अध्यक्ष और उपाध्यक्ष, जैसा कि मैंने कहा, संसदीय लोकतंत्र की धुरी हैं। इसलिए, संविधान ने उनके चुनाव, उनके निष्कासन और उनके कार्यों के संबंध में विस्तृत प्रावधान किए गए हैं'। अनुच्छेद 93 में 'जितनी जल्दी हो सके' वाक्यांश इन चुनावों से जुड़ी तात्कालिकता और महत्व को रेखांकित करता है। हालांकि यह व्यावहारिक विचारों को ध्यान में रखते हुए समय में कुछ लचीलेपन की अनुमति देता है, लेकिन यह अनिश्चितकालीन स्थगन या चुनाव को पूरी तरह से रद्द करने के विकल्प की अनुमति नहीं देता है। लोकसभा की प्रक्रिया और कार्य संचालन के नियम 8 में उपाध्यक्ष के चुनाव का प्रावधान है। उप-सभापति का चुनाव 1952 से ही होता आ रहा है जब एम.ए. अय्यंगर को प्रथम उपसभापति चुना गया था। 2014 तक,



प्रत्येक लोकसभा अवधि के लिए उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाते थे। 25 मई 2019 के बाद, संसदीय सम्मेलन में एक अभूतपूर्व और तीव्र व्यवधान आया है। कुछ लोगों ने तर्क दिया है कि अनुच्छेद 93 में 'जितनी जल्दी हो सके' वाक्यांश अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के अलग-अलग चुनाव की अनुमति देता है। हालांकि, यह व्याख्या संविधान की भावना के विपरीत है। अनुच्छेद 93 स्पष्ट रूप से एकल, सामंजस्यपूर्ण प्रक्रिया के हिस्से के रूप में दोनों पदों के चुनाव की कल्पना करता है। 'क्रमशः' शब्द का प्रयोग इस समझ को पुष्ट करता है, जो दर्शाता है कि दोनों पदों को एक साथ भरा जाना चाहिए। जबकि व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए, यह संभव नहीं हो सकता है और इसलिए, शायद एक सप्ताह का अंतराल अनुच्छेद 93 के विपरीत नहीं होगा। डिप्टी स्पीकर क्यों महत्वपूर्ण है? = उप-सभापति की भूमिका केवल औपचारिक नहीं है बल्कि संसदीय लोकतंत्र के एक आवश्यक घटक के रूप में कार्य करती है। अध्यक्ष की अनुपस्थिति में, उपाध्यक्ष विधायी कार्यों की निरंतरता सुनिश्चित करते हुए उनकी जिम्मेदारियां संभालता है। उपाध्यक्ष, अध्यक्ष के संभावित विकल्प के रूप में, सदन, उसके सदस्यों और समितियों के अधिकारों और विशेषाधिकारों के संरक्षक होने की अध्यक्ष की जिम्मेदारी को सांझा करता है। इसलिए, उप-सभापति का चुनाव करने में विफलता, संसद के संस्थागत ढांचे को कमजोर करती है और इसके कामकाज को बाधित करती है। पिछले कुछ वर्षों में, विधायी संस्थाओं के पीठासीन अधिकारियों के निर्णय लेने से संबंधित विभिन्न मामलों में महत्वपूर्ण न्यायिक हस्तक्षेप हुए हैं, जिनमें मायावती बनाम मार्कंडेय चंद एवं अन्य ए.आई.आर. 1998 एस.सी. 3440, जगजीत सिंह बनाम हरियाणा, (2006) 11 एस.सी.सी. 1, डी. सुधाकर बनाम डी.एन. जीवराजू और 2012 (1) स्केल 704, बालचंद्र एल. जारकीहोली और अन्य बनाम वी. बी.एस. येद्दियुरप्पा, (2011) 7 एस.सी.सी. 1, श्रीमंत बालासाहेब पाटिल बनाम अध्यक्ष, कर्नाटक विधानसभा, (2020) 2 एस.सी.सी. 595; कीशम मेघचंद्र सिंह बनाम माननीय अध्यक्ष, मणिपुर विधानसभा और अन्य (2020) एस.सी.सी. ऑनलाइन एस.सी., सुभाष देसाई बनाम प्रधान सचिव, महाराष्ट्र के राज्यपाल एवं अन्य, डब्ल्यू.पी. (सी) संख्या 493/2022) महत्वपूर्ण लोगों को सूचीबद्ध करने के ये ऐसे मामले हैं जहां माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने संबंधित पीठासीन अधिकारियों के ढीले निर्णय लेने पर नाराजगी व्यक्त की है। उप-सभापति का चुनाव राजनीतिक औचित्य का मामला नहीं बल्कि संवैधानिक दायित्व है। यह जरूरी है कि लोकतांत्रिक शासन और संवैधानिक सर्वोच्चता के सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए लोकसभा इस कर्त्तव्य को तत्परता से निभाए। ऐसा करने में विफलता न केवल संविधान के स्पष्ट प्रावधानों का उल्लंघन करती है बल्कि संसदीय प्रणाली की संस्थागत अखंडता को भी कमजोर करती है।

छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों में फैला मलेरिया

# 2 की मौत, पोटाकेबिन और आश्रम के 187 से ज्यादा छात्र संक्रमित, कल जाएंगे स्वास्थ्य मंत्री





**मीडिया ऑडीटर, जगदलपुर निप्र।** छत्तीसगढ़ के बस्तर में फिर मलेरिया से जानलेवा हो रहा है। बीजापुर जिले में 3 दिन में 2 बच्चियों की मौत हो चुकी है। वहीं पोटाकेबिन और आश्रम में रहने वाले 187 बच्चियों की भी मलेरिया रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। मामला सामने आने के बाद सोमवार को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल बीजापुर दौरे पर जाएंगे।

2 छात्राओं में से एक ने जगदलपुर के मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ा वहीं दूसरी छात्रा की मौत शनिवार रात बीजापुर जिला अस्पताल में हुई है। इनमें भोपालपट्टनम इलाके के संगमपल्ली पोटाकेबिन में पढ़ने वाली तीसरी की छात्रा वैदिका जव्वा (9) और दुधेड़ा निवासी दीक्षिता रेगा शामिल हैं। दोनों कुछ दिनों से बीमार थी और पोटाकेबिन में ही रहकर इलाज करा रही थी।

**बच्ची ने इलाज के दौरान तोड़ा दम:** बताया जा रहा है कि शनिवार को बच्ची की तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। पोटाकेबिन अधीक्षिका ने वैदिका को बीजापुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन बच्ची ने देर शाम ही इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इसी पोटाकेबिन के 3 और बच्चे मलेरिया की बीमारी से जूझ रहे हैं, जिनका इलाज किया जा रहा है।

**187 बच्चे संक्रमित:** बताया जा रहा है कि जिले के गंगालूर पोटाकेबिन समेत बीजापुर ब्लॉक के कुल 187 बच्चों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इनमें से 20 बच्चों का गंगालूर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है, जबकि बाकी का आश्रम-पोटाकेबिन और उस इलाके के अस्पतालों में इलाज चल रहा है।

**3 दिन पहले एक और बच्ची की हुई थी मौत:** वैदिका के अलावा 3 दिन पहले बीजापुर के तारलागुड़ा पोटाकेबिन की छात्रा दीक्षिता रेगा की भी मौत हो गई। 9 साल की दीक्षिता दूसरी क्लास में पढ़ाई करती थी।

छात्रा तारलागुड़ा से महज 15 से 18 किमी की दूरी पर स्थित दुधेड़ा की रहने वाली थी। बीजापुर [illegible] का कहना है कि 7 जुलाई को परिजन बच्ची को घर से पोटाकेबिन छोड़े थे, तब से उसकी तबीयत खराब थी। गांव के अस्पताल में इलाज चल रहा था।

**डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में तोड़ा दम:** अधीक्षिका ने परिजनों को भी इसकी जानकारी दी थी, फिर 9-10 जुलाई को परिजन बच्ची को लेकर चले गए थे। उसे सबसे पहले बीजापुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया फिर यहां जब उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ तो जगदलपुर के डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। यहां दीक्षिता ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

बारिश के बाद दोनों किनारों पर बहने लगी अरपा नदी

## बिलासपुर में बारिश आकंड़ा 306 मिमी पहुंचा, लोगों को गर्मी से मिली राहत



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर निप्र।** बिलासपुर में रविवार की सुबह दो घंटे से अधिक समय तक जमकर बारिश हुई। बीते 6 दिनों से लगातार गर्मी के चलते उमस और चिपचिपी गर्मी से परेशान लोगों को शुक्रवार से लगातार राहत की बारिश का आनंद मिल रहा है। आज सुबह दो घंटे से अधिक और शनिवार दोपहर करीब डेढ़ घंटे तक झमाझम बारिश को मिलाकर अब तक 38.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की जा चुकी है। शनिवार की शाम झमाझम बारिश के बाद रविवार की सुबह 5.30 बजे से दो घंटे तक अच्छी बारिश हुई। इधर जिले की जीवनरेखा अरपा नदी आज दोनों किनारों पर बहते नजर आई, वहीं सड़कों और कॉलोनियों में जल भराव की समस्या देखने को मिली।


**अरपा और रिवर व्यू में बारिश का लुत्फ उठाने पहुंचे लोग:** बारिश के जमकर बरसने का सिलसिला जारी रहने के बाद तापमान में कमी आई है, जिससे लोगों को बाहर आने जाने में अधिक परेशानी नहीं हो रही है। बारिश का लुत्फ उठाने लोग रिवर व्यू रोड और शनिचरी रपटा के इर्द गिर्द भीड़ की शक्ल में देखे गए। धूप खिलने के बावजूद कुछ हिस्सों में बारिश हो रही थी, जिससे युवा वर्ग बारिश में भीगते हुए मस्ती करते नजर आए।

**इन क्षेत्रों में हुआ जल भराव:** शनिवार को तेज बारिश के दौरान श्रीकांत वर्मा मार्ग, लिंक रोड, जेल रोड, तालापारा, मगरपारा, मसानगंज में काफी जल भराव हो गया था। वहीं रविवार को बारिश धीमी गति से हुई, इसलिए अपेक्षाकृत जल भराव कम हुआ। एमआईसी मेंबर एसआर जायसवाल ने निगम पर व्यापार विहार रोड और नाला निर्माण की गलत तकनीक के कारण जल भराव की समस्या उत्पन्न होने का आरोप लगाया।

**बारिश का आंकड़ा: एक नजर में:** बिलासपुर जिले में बारिश का आंकड़ा 306.4 मिमी पहुंच चुका है। 10 सालों की औसत वर्षा के हिसाब से 297.2 मिमी वर्षा होनी थी, लेकिन औसत से इस बार 3.1 फीसदी अधिक बारिश हो गई। सर्वाधिक 438.4 मिमी वर्षा कोटा तहसील में और सबसे कम 209 मिमी वर्षा पचपेड़ी तहसील में दर्ज की जा चुकी है।

किसान 31 जुलाई तक करा सकेंगे फसल बीमा

## धान, उड़द, मक्का, कोदो और कुटकी का इंश्योरेंस, फसल नुकसान पर मिलेगा मुआवजा



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर निप्र।** छत्तीसगढ़ के किसान अपनी फसल का बीमा करवा सकते हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मौसम खरीफ साल 2024 के लिए ये बीमा किया जा रहा है। इस योजना में योजना में धान, उड़द, मूंग, मूंगफली, कोदो, कुटकी, मक्का, अरहर /तुअर, रागी और सोयाबीन को शामिल किया गया है।

इस बीमा योजना से किसानों को मौसम की मार से राहत मिल सकती है। किसानों को सूखा, बाढ़, ओलावृष्टि जैसी प्राकृतिक आपदाओं से फसलों को होने वाले नुकसान की भरपाई में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए 31 जुलाई तक का समय दिया गया है।

**ये दस्तावेज लगेंगे:** किसान अपने जिले के कलेक्टर, पंचायत या फिर कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि योजना का फायदा लेने के लिए किसानों को अपना आधार कार्ड 31 जुलाई से पहले बैंक अपडेट करवाना होगा। फसल बीमा पोर्टल पर इसके बीना बीमा नहीं दिया जाएगा।

किसानों को आधार कार्ड की फोटो कॉपी, नवीनतम भूमि प्रमाण-पत्र (बी-1, खसरा) की कॉपी, बैंक पासबुक के पहले पन्ने की कॉपी जिस पर अकाउंट, [illegible] कोड, बैंक का पता साफ-साफ दिख रहा हो। फसल बुवाई प्रमाण-पत्र, किसान का वैध मोबाइल नंबर और बटाईदार, कास्तकार, साझेदार किसानों के लिए फसल साझा, कास्तकार का घोषणा पत्र लगेगा।

# स्कूल हॉस्टल में 16 साल की छात्रा प्रेग्नेंट

परिजनों ने कराया गर्भपात; वार्डन ने भेजा था घर, एफआईआर भी नहीं कराई, सस्पेंड



**मीडिया ऑडीटर, कांकेर निप्र।** छत्तीसगढ़ के कांकेर में के कन्या आवासीय विद्यालय में पढ़ने वाली 16 साल की छात्रा गर्भवती हो गई। छात्रावास की अधीक्षिका को जब इसका पता चला तो उन्होंने छात्रा को घर भेज दिया। जहां परिजनों ने उसका गर्भपात करा दिया है। मामला सामने आने के बाद कलेक्टर ने हॉस्टल अधीक्षिका को सस्पेंड कर दिया है।

साथ ही जांच के लिए टीम का गठन किया है। जांच दल दो दिनों के अंदर अपनी रिपोर्ट सौंपेगा। हालांकि मामले में अब तक [illegible] नहीं हुई है। अधीक्षिका ने इस बारे में विभाग को भी सूचना नहीं दी। इसकी वजह से आरोपी की भी पहचान नहीं हो पाई है।

**3 महीने बाद हुआ मामले का खुलासा:** छात्रा कब गर्भवती हुई इसकी सही जानकारी फिलहाल नहीं मिल पाई है। गर्भवती होने के कुछ दिनों तक छात्रा वहीं रह रही थी। अप्रैल महीने में जब गर्भ बढ़ा तब इसका पता वार्डन को लगा इसके बाद वार्डन ने तत्काल उसे परिजनों के पास भेज दिया। परिजनों ने जिले से बाहर ले जाकर उसका गर्भपात भी करा दिया। गांव स्तर पर अबॉर्शन की चर्चा अप्रैल से ही होती रही। वहीं ग्रामीणों ने इसकी शिकायत शुक्रवार (12 जुलाई) को विधायक विक्रम उसेंडी से की तब मामला उजागर हुआ।

**स्कूल भवन को छात्रावास में बदल दिया गया:** कांकेर जिले के एक गांव में पिछले दो साल से कन्या आवासीय विद्यालय का संचालन हो रहा है। छात्रावास के भवन का अब तक निर्माण नहीं हो पाया है। इसके चलते गांव में ही पहले से संचालित हायर सेकेंडरी स्कूल में ही बालिकाओं को पढ़ाया जा रहा है। उसी परिसर में माध्यमिक शाला भवन को बालिकाओं के छात्रावास में बदल दिया गया है। यहीं छात्राएं रहती हैं।

**छात्रावास अधीक्षिका निलंबित, जांच दल गठित:** कांकेर कलेक्टर नीलेश कुमार क्षीरसागर ने छात्रावास अधीक्षिका विनीता कुजूर को निलंबित कर पखांजूर [illegible] अंजोर सिंह पैकरा की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय जांच दल गठित किया है। जांच दल दो दिन में पूरे मामले को लेकर मामले की जांच कर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

**हॉस्टल में सुरक्षा के नही हैं इंतजाम:** बताया जा रहा है कि, वार्डन ने गांव में ही अपना मकान बना लिया है, जहां वह पति के साथ रहती है और रात को छात्राओं को महिला चपरासी के भरोसे छोड़ चली जाती थी। झलियामारी कांड के बाद यह दूसरी घटना है जिसमें छात्राओं के हॉस्टल के सुरक्षा को लेकर सवाल उठा है।

जहां नाबालिग छात्रा गर्भवती हुई है इस हॉस्टल और कैंपस को लेकर भी कई खामियां नजर आई हैं। अस्थाई रूप से बनाए गए हॉस्टल में न तो बाउंड्रीवाल है ना ही वॉर्डन रात में तैनात रहती थी। इसके अलावा कोई सुरक्षाकर्मी भी नहीं है।

कारोबारी की कार पर फायरिंग का नया वीडियों

## गैंगेस्टर ने ली हमले की जिम्मेदारी, सोशल मीडिया पर व्यापारियों को दी धमकी



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर निप्र।** छत्तीसगढ़ के बड़े कंस्ट्रक्शन कारोबारी पर फायरिंग मामले में नया वीडियो सामने आया है। वीडियो में बाइक सवार हमलावर गोली चलाते दिख रहे हैं। दफ्तर के सामने खड़ी कार पर उन्होंने पहली गोली चलाई इसके बाद हवाई फायरिंग की। इस दौरान कार का ड्राइवर और एक कर्मचारी भागते दिख रहे हैं। वहीं, कारोबारी प्रह्लाद अग्रवाल को मारने पहुंचे शूटरों पर निजी सुरक्षाकर्मियों ने भी 3 से 4 राउंड फायरिंग की। इसकी पुष्टि खुद पुलिस ने की है। घटना के दौरान दोनों तरफ से फायरिंग हुई। काउंटर फायरिंग होते ही शूटर वहां से भाग निकले और इस दौरान उनकी तस्वीर में कैप्चर हो गई।

घटना के बाद ऑफिस में मौजूद कारोबारी और कर्मचारी बुरी तरह सहम गए। फिलहाल इस मामले में तेलीबांधा पुलिस ने देर रात एफआईआर दर्ज कर ली है। वहीं, हमले की जिम्मेदारी मयंक सिंह नाम के गैंगस्टर ने ली है। सोशल मीडिया पर मयंक सिंह ने कारोबारियों को धमकाते हुए एक पोस्ट भी किया है।

**कार में ड्राइवर और एक अन्य स्टाफ था मौजूद:** बताया जा रहा है कि फायरिंग के दौरान कार में ड्राइवर और एक अन्य स्टाफ मौजूद था। वे दोनों कार में पेट्रोल डलवाने फ्यूल स्टेशन जा रहे थे। उन्होंने कार स्टार्ट ही की थी, तभी हमला हो गया। आशंका है कि शूटरों को रेकी के बाद कार में ड्राइवर के अलावा एक अन्य व्यक्ति कारोबारी लगा होगा। जिस वजह से उन्होंने पहला फायर कार पर ही किया।

**फायरिंग में दोनों कर्मचारी सुरक्षित:** बुलेट कार के बोनट को रगड़ते हुए फ्रंट कांच पर जाकर लगी। जिससे वह डैमेज हो गया। ड्राइवर ने फायरिंग के दौरान कार के अंदर बैठे दूसरे कर्मचारी को तेजी से नीचे की ओर झुकाया। दोनों शूटर कार से करीब 25 फीट दूर खड़े थे। जिससे कर्मचारी उन्हें सीधे नहीं दिख पाए, फिर उन्होंने एक गोली ऑफिस की ओर ही हवा में चला दी।

**3 सुरक्षाकर्मियों ने भी की फायरिंग:** इसके बाद ऑफिस की ऊपरी मंजिल में मौजूद कारोबारी के निजी सुरक्षाकर्मी तेजी से नीचे उतरे। उन्होंने खतरे को भांपते हुए अपने कमर में फंसी पिस्टल निकालकर शूटरों पर 3 से 4 राउंड फायरिंग की। हालांकि बुलेट शूटरों को लगी है या नही, इसकी कोई जानकारी नहीं है, लेकिन इस काउंटर फायरिंग होते ही शूटर मौके से फौरन भाग निकले।

उधर, गोलियों की आवाज से दफ्तर में मौजूद कारोबारी और कर्मचारी सहम गए। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

छत्तीसगढ़ में शादीशुदा गर्लफ्रेंड को 7 टुकड़ों में काटा

# पहले रेप किया, फिर मारकर जलाया; देर रात किसी और से बातें करते देख भड़का





**मीडिया ऑडीटर, बालोद निप्र।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में एक व्यक्ति ने अपनी प्रेमिका से पहले जिस्मानी रिश्ता बनाया, फिर उसे मार डाला। इसके बाद लाश पर पेट्रोल छिड़क कर जला दिया। इतना ही नहीं बेरहमी से शव को हंसिया से काटकर 7 टुकड़ों में बांटा और नाले में बहा दिया। 13 अप्रैल को हुई ये घटना बालोद थाना क्षेत्र की है।

बताया जा रहा है कि संबंध बनाने के बाद गर्लफ्रेंड आधी रात को किसी और लड़के से बात कर रही थी, जिसे आरोपी ने देख लिया। इससे वह बेहद नाराज हुआ और तैश में आकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने तीन महीने बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

**13 अप्रैल को टुकड़ों में मिला था महिला का शव:** पिछले 13 अप्रैल को प्रमिला धुर्वे (39 वर्ष) की लाश टुकड़ों में मिली थी। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव के टुकड़ों को जुटाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। पुलिस के पास चुनौती थी कि ये लाश के टुकड़े किसके हैं।

**कैसे हुई लाश की पहचान:** पुलिस मामले की जांच में जुटी थी इसी दौरान पता चला कि डौंडीलोहारा थाना क्षेत्र के बकलीटोला गांव की एक महिला कई दिनों से लापता है। वह अपने मायके बाघमार में भी नहीं है। खबर मिलते ही बालोद थाना प्रभारी रवि पांडेय अपनी टीम के साथ बकलीटोला पहुंचे। पता चला कि स्वरूप धुर्वे की पत्नी गांव में नहीं है। पूछताछ में स्वरूप ने बताया कि उसकी पत्नी प्रमिला ध्रुर्वे गायब है। फोन भी नहीं लग रहा है। पुलिस ने फोन नंबर लेकर मोबाइल डेटा रिकवर करने के लिए साइबर सेल को लगाया।

**जेवर और नेल पॉलिश से हुई पहचान:** गुम महिला प्रमिला की मां बुधनतीन बाई ने पुलिस को बताया कि उसने 2 जोड़ी पायल अपनी दोनों बेटियों के लिए ली थी, जिसका एक जोड़ी उसके पास है। टीम ने घटना के फोटोग्राफ दिखाने पर बुधनतीन बाई ने नाक की नथनी, अंगूठी, पायल और नेल पॉलिश से बेटी की पहचान की।

**कॉल डिटेल के आधार पर मिला प्रेमी का सुराग:** पुलिस ने बताया कि महिला का एक व्यक्ति से अफेयर चल रहा था। कॉल डिटेल के आधार पर इसकी जानकारी लगी। इसके बाद डारागांव निवासी दीपक साहू से पूछताछ की गई। उसने बताया कि 5 साल पहले पत्नी से उसका तलाक हो गया था। ननिहाल गांव बकलीटोला में प्रमिला से उसकी पहचान हुई और दोनों के बीच अफेयर शुरू हो गया।

**बेहोश होकर नीचे गिरी, दोबारा नहीं उठी:** आरोपी ने बताया कि उसने और प्रमिला ने रात में शराब पी थी। इसके बाद संबंध बनाए और सो गए। रात 1 बजे प्रमिला उठी और मोबाइल में किसी से बात करने लगी। अचानक दीपक की नींद खुल गई। इस दौरान दोनों के बीच जमकर विवाद हुआ। गुस्से में दीपक ने महिला का सिर कड़कर चौखट पर पटक दिया, जिससे प्रमिला बेहोश होकर नीचे गिर गई और दोबारा नहीं उठी।

**2 बजे से काटना शुरू किया, सुबह के 4 बज गए:** इसके बाद दीपक लाश को साड़ी में लपेटकर बाड़ी में ले गया। जहां पेट्रोल डालकर आग लगा दी, लेकिन शरीर पूरा नहीं जला। इसके बाद उसने हसिया से हाथ, पैर, गला और धड़ को काटकर अलग कर दिया। उसने बॉडी को रात 2 बजे से काटना शुरू किया तो सुबह चार बजे तक काटता रहा।

**गोंदली नहर में लाश के टुकड़ों को फेंका:** 11 अप्रैल की सुबह वह फिर शराब पीकर सोया और रात को उठा। रात 11 बजे अपने गांव से 15 किलोमीटर दूर अमलीडीह जंगल और गोंदली नहर में लाश के टुकड़ों को फेंक दिया और घर लौट आया। पूछताछ में उसने ये भी बताया कि प्रमिला दूसरे लड़के से बात करने के साथ ही शादी कर अपने पास रखने दबाव बना रही थी।

**आरोपी को कोर्ट ने भेजा जेल:** बालोद एसपी एस आर भगत ने बताया कि आरोपी के कब्जे से एक बाइक, रस्सी, बोरी और हसिया बरामद की गई है। उसने अपना जुर्म भी कबूल कर लिया है, गिरफ्तारी के बाद कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

## मालिक की भी जान ले सकता है पिटबुल

रायपुर में इसी डॉग ने डिलीवरी बॉय को नोचा, 41 देशों में बैन, भारत में कोशिशें नाकाम

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर निप्र।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक पिटबुल डॉग ने डिलीवरी बॉय पर हमला कर दिया। शहर के अनुपम नगर कॉलोनी में पार्सल छोड़ने के लिए गए डिलीवरी बॉय सलमान खान ने जैसे ही घर का गेट खोलकर भीतर जाने की कोशिश की तो उस पर पिटबुल डॉग ने उस पर हमला बोल दिया।

सलमान ने कार पर चढ़कर किसी तरह से अपनी जान बचाई लेकिन इतनी देर में वो हमले में पूरी तरह लहूलुहान हो चुका था। जिसका इलाज राजधानी के ही एक निजी अस्पताल में चल रहा है। इससे पहले भी पिटबुल डॉग ने कई लोगों पर हमला किया था। इससे कॉलोनी के लोग काफी परेशान हैं।

ये पहली ऐसी घटना नहीं है, जब पिटबुल ने किसी इंसान पर जानलेवा हमला किया हो। इससे पहले भी विदेशी नस्ल के खूंखार कुत्तों के हमले की खबरें जब आती है, तब पहला नाम पिटबुल ब्रीड का ही होता है। साल 2022 को जुलाई के महीने में ही एक पालतू पिटबुल डॉग ने अपनी 82 साल की मालकिन को नोच-नोचकर मार डाला था। इस घटना के बाद खूंखार नस्ल के कुत्तों को बैन करने की भी मांग जोर-शोर से उठी थी लेकिन बैन को लेकर अब तक स्थिति साफ नहीं है।

## जगन्नाथ मंदिर का खजाना 46 साल बाद खोला गया

पुरी। ओडिशा के पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर का खजाना आज (14 जुलाई) दोपहर 1ः28 बजे खोल दिया गया। ओडिशा मुख्यमंत्री कार्यालय ने इसकी पुष्टि की है। इस दौरान भंडार गृह में सरकार के प्रतिनिधि, स्ढ्ढ के अधिकारी, श्री गजपति महाराज के प्रतिनिधि समेत 11 लोग मौजूद हैं। अधिकारियों के मुताबिक, सरकार रत्न भंडार में मौजूद कीमती सामानों की डिजिटल लिस्टिंग करेगी, जिसमें उनके वजन और निर्माण जैसे डिटेल होंगे। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के सुपरिटेंडेंट डीबी गडनायक ने कहा कि इंजीनियर्स मरम्मत कार्य के लिए रत्न भंडार का सर्वे करेंगे। मंदिर का खजाना आधिकारिक तौर पर आखिरी बार 46 साल पहले 1978 में खोला गया था। खजाना खोलने से पहले प्रशासन ने लकड़ी के भारी 6 संदूक मंगाए। एक संदूक उठाने के लिए 8 से 10 लोगों को लगना पड़ा। इन्हें रत्न भंडार गृह में भेजा गया है।

## बीजेपी दिसंबर तक नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की नियुक्ति करेगी

नई दिल्ली। बीजेपी इस साल दिसंबर तक अपने नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की नियुक्ति करेगी। इस पद के लिए चुनाव प्रक्रिया 1 अगस्त से शुरू होगी। 1 नवंबर से 15 नवंबर तक मंडल (लोकल यूनिट) के अध्यक्षों के लिए चुनाव होगा। इसके बाद 16 नवंबर से 30 नवंबर तक जिला अध्यक्ष का चुनाव होगा। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल इसी साल जनवरी में खत्म हो चुका है। लोकसभा चुनाव के लिए जून तक विस्तार दिया गया था। हालांकि, लोकसभा चुनाव के बाद मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में उन्हें स्वास्थ्य मंत्री बनाया गया है। इसलिए, बीजेपी अब नए अध्यक्ष की तलाश में है।

## ट्रंप पर हुए हमले पर खड़गे ने जताया दुख, कहा- लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हमले की रविवार को निंदा करते हुए कहा कि किसी भी लोकतंत्र और सभ्य समाज में ऐसी हिंसा की कोई जगह नहीं है। ट्रंप शनिवार को पेनसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली के दौरान दाहिने कान के ऊपरी हिस्से में गोली लगने से घायल हो गए। हालांकि, 'सीक्रेट सर्विस के एक सदस्य ने हमलावर को भी मार गिराया। खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले से बहुत आहत हूं। मैं इस जघन्य कृत्य की कड़ी निंदा करता हूं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''किसी भी लोकतांत्रिक और सभ्य समाज में ऐसी हिंसा का कोई स्थान नहीं है। भारत, अमेरिका के लोगों के साथ है और हम मृतक के परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं।'

# पूरे देश को ऑक्सीजन देने का काम करता है मध्यप्रदेश : अमित शाह

भोपाल। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा है कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर प्रारंभ एक पेड़ माँ के नाम अभियान केवल अभियान न रहकर अब पूरे देश में जनआंदोलन बन गया हैं। यह अभियान हमारी माँ और धरती माँ के प्रति हमारी श्रद्धा के भाव का प्रकटीकरण हैं। आज पूरे देश में हर व्यक्ति अपनी माँ और धरती माँ दोनों के नाम से पौधा लगाकर उन्हें प्रणाम कर रहा है। मध्यप्रदेश का इंदौर पहले से स्वच्छता, स्वाद, सहयोग, सुशासन और सहभागिता के लिए जाना जाता हैं।

आज से इंदौर एक पेड़ माँ के नाम अभियान में वृहद पौध-रोपण के लिए भी देश भर में जाना जाएगा। इंदौर मे 24 घंटे में 11 लाख पौधे रोपने का यह विश्व विक्रम पुण्य श्लोक देवी अहिल्याबाई की नगरी इंदौर को नए कीर्तिमान के साथ पूरे विश्व में प्रसिद्ध करेगा। उन्होंने कहा कि पौध-रोपण करना सरल है, लेकिन उन्हें बड़ा करना कठिन। पौध-रोपण करने वाले सभी प्रतिभागियों से आग्रह है कि उनके द्वारा लगाएं गए पौधों का



अपने बेटे की तरह पालन करें। यही वृक्ष आगे एक माँ की तरह आपकी चिंता करेगा। उन्होंने कहा कि 51 लाख पौधे लगाना और एक ही दिन में 11 लाख पौधे लगाना अपने आप में अभूतपूर्व हैं। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनूठे आयोजन के लिये इंदौरवासियों को शुभकामनाएं और बधाई दी। केन्द्रीय गृह मंत्री श्री शाह आज इंदौर के रेवती रेंज परिसर में आयोजित एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत 11 लाख वृक्षारोपण के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, केंद्रीय मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, सांसद श्री शंकर लालवानी, सांसद श्रीमती कविता पाटीदार, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायकगण तथा सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेता श्री रणदीप हुड्डा, फिल्म निर्देशक, निर्माता और लेखक श्री नीरज पाठक और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री श्री शाह ने विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि अभिनेता श्री रणदीप हुड्डा द्वारा चलचित्र के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीर सावरकर जी को चिरंजीवी बनाने का काम किया है।

## डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले पर सामने आया राहुल गांधी का आया रिएक्शन

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की कोशिश किये जाने पर रविवार को गहरी चिंता जतायी और कहा कि ऐसे कृत्यों की कड़ी से कड़ी निंदा की जानी चाहिए। पेनसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली के दौरान हुए हमले में कान के ऊपरी हिस्से में गोली लगने से ट्रंप (78) घायल हो गए। सीक्रेट सर्विस के एक सदस्य ने हमलावर को मार गिराया। राहुल ने 'एक्स पर



एक पोस्ट में कहा, ''मैं अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की कोशिश किये जाने से काफी चिंतित हूं। ऐसे कृत्यों की कड़ी से कड़ी निंदा की जानी चाहिए। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने ट्रंप के शीघ्र एवं पूर्ण रूप से स्वस्थ होने की कामना भी की।

## मणिपुर में सुरक्षाबलों के काफिले पर हमला,एक जवान शहीद

जिरीबाम। मणिपुर के जिरीबाम में सीआरपीएफ और पुलिस टीम के काफिले पर कुकी उग्रवादियों ने रविवार (14 जुलाई) को हमला कर दिया। इसमें सीआरपीएफ का एक जवान शहीद हो गया। पुलिस का एक अधिकारी भी घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि मोंगबुंग में कुकी उग्रवादियों ने पहाड़ी इलाके से गोलीबारी की।

गोली सीआरपीएफ जवान अजय कुमार झा के सिर पर लगी। इसके बाद उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मोंगबुंग में गोलीबारी शनिवार देर रात से ही शुरू हो गई थी। रविवार सुबह सीआरपीएफ और पुलिस ने उग्रवादियों पर जवाबी कार्रवाई की। इसमें उग्रवादियों को कितना नुकसान पहुंचा, अभी इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। मणिपुर पुलिस ने इम्फाल ईस्ट और इम्फाल वेस्ट जिलों से हथियार और गोला-



बारूद जब्त किया है। इसमें इम्फाल ईस्ट में एक एके-56 राइफल, एक एसएलआर एक .38 पिस्टल, दो ग्रेनेड और 25 राउंड की गोलियां बरामद की हैं। सुरक्षाबलों ने यहां सर्च ऑपरेशन चलाया था।


# चार साल बाद जनगणना की तैयारी में केंद्र



नई दिल्ली। राष्ट्रव्यापी जनगणना शुरू होने के संकेत हैं। केंद्र सरकार ने जनगणना से तीन महीने पहले सभी जिलों, शहरों, तहसील, ताल्लुकों और गांवों की सीमाओं पर रोक लगाने संबंधी अपने आदेश की समय सीमा 30 जून के बाद नहीं बढ़ाई है। ऐसे में तयशुदा कैलेंडर के अनुसार 2021 में होने वाली जनगणना अब चार साल बाद 2025 की शुरुआत में फिजिकल तौर पर शुरू हो सकती है। सूत्रों के अनुसार, अब इस साल के छह महीनों के दौरान प्रशासनिक ढांचे को जनगणना के लिए तैयार किया जाएगा। इसके तहत जनगणना कर्मियों की ट्रेनिंग पूरी की जाएगी। इस बार जनगणना डिजिटल माध्यम से होगी। इसमें नागरिक अपने बारे में सूचनाएं एप के माध्यम से दर्ज कर सकेंगे। इसके लिए जनगणना कर्मियों को नए सिरे से ट्रेनिंग देने की आवश्यकता होगी।

पहले चरण में देश में घरों की गिनती की जाएगी। इस राष्ट्रव्यापी हाउस लिस्टिंग में मकानों, उनके कच्चे पक्के होने, सुविधाओं और संपत्ति का विवरण दर्ज होगा। दूसरे चरण में जनगणना कर्मी नागरिकों के बारे में सूचनाएं दर्ज करने जाएंगे। सूत्रों के अनुसार जातिगत जनगणना की मांग भी उठ सकती है। कुछ राजनीतिक दल इसे उठा भी रहे हैं। बता दें कि केंद्र सरकार पूर्व में ही जनगणना के लिए लगभग 8.5 हजार करोड़ की राशि का प्रावधान कर चुकी है। जनगणना के लिए तीस लाख जनगणना कर्मियों की ट्रेनिंग शुरू होने वाली थी, लेकिन कोरोना महामारी फैलने से इस पर रोक लगानी पड़ी।

# अनंत अंबानी ने वीआईवी मेहमानों को उपहार में दी लग्जरी घड़ियां, कीमत 1.5 करोड़ रुपए





नई दिल्ली। अनंत अंबानी ने सभी वीआईपी मेहमानों को शानदार घड़ियां उपहार में दी हैं। सूत्रों के अनुसार, घड़ियों की कीमत लगभग 1.5 करोड़ रुपए है और उन्हें अंबानी परिवार ने मेहमानों के लिए खास तौर पर तैयार किया है। यह उल्लेखनीय उपहार ऑडेमर्स पिगुएट घड़ियों का एक लिमिटेड एडिशन है, जिसे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की भव्य शादी में अंबानी ने सभी वीआईपी मेहमानों को उपहार में दिया। एक वायरल वीडियो में शाहरुख खान, मीज़ान और अन्य दूल्हे के दोस्त खूबसूरत घड़ियां दिखाते नजर आए। रिपोर्ट के अनुसार, अनंत अंबानी द्वारा उपहार में दी गई घड़ी में 41 मिमी 18ष्य गुलाबी सोने का केस, 9.5 मिमी मोटा, नीलम क्रिस्टल बैक और स्क्रू-लॉक क्राउन है। इसमें ग्रांडे टैपिसरी पैटर्न, ब्लू काउंटर, पिंक गोल्ड ऑवर मार्कर और ल्यूमिनसेंट कोटिंग के साथ रॉयल ओक हाथ के साथ गुलाबी सोने की टोन वाली डायल दिखाई देती है।

## बसपा नेता आर्मस्ट्रांग की हत्या में शामिल मुख्य आरोपी पुलिस मुठभेड़ में ढेर

नई दिल्ली। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की तमिलनाडु इकाई के प्रमुख के. आर्मस्ट्रांग की हत्या के एक प्रमुख आरोपी ने रविवार को यहां पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया और हिरासत से भागने की कोशिश की, जिस दौरान उसे मार गिराया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि जब आरोपी के. थिरुवेंगदम को जांच के तहत उत्तरी चेन्नई के एक स्थान पर ले जाया गया, तो उसने एक पुलिसकर्मी पर हमला कर भागने की कोशिश की, जिसके बाद एक पुलिस अधिकारी ने उसपर गोली चलाई।थिरूवेंगदम को बसपा नेता की हत्या में इस्तेमाल किये जाने के बाद छिपाकर रखे गये हथियारों की तलाश करने के लिए वहां ले जाया गया था। पुलिस ने बताया कि आरोपी को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थिरुवेंगदम (30), बसपा नेता आर्मस्ट्रांग की हत्या के मामले में गिरफ्तार किये गए 11 आरोपियों में से एक था और वह एक कुख्यात अपराधी था। यहां की एक अदालत ने कुछ ही दिन पहले सभी आरोपियों को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया था। आर्मस्ट्रांग की यहां 5 जुलाई को एक गिरोह ने हत्या कर दी थी, जिसके बाद विपक्षी दलों ने राज्य में कानून व्यवस्था बिगड़ने का आरोप लगाया था।

## गिरिराज सिंह ने भारत इन पेरिस ओलंपिक जागरूकता दौड़ को दिखाई हरी झंडी

दिल्ली/पटना। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने दिल्ली में 'भारत इन पेरिस ओलंपिक जागरूकता दौड़ को हरी झंडी दिखाई। वहीं, इस दौरान केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि इन खेलों में भारत दुनिया के तीसरे नंबर पर है। मैं अभिभावकों को कहूंगा कि जब बच्चे घरों में खेल खेलते हैं तो उन्हें खेलने की छूट भी दें और पढ़ने की कला भी सिखाएं... देश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगभग 4000 करोड़ रुपए आवंटित किए जा रहे हैं। आज पेरिस ओलंपिक के लिए भारत में हम सब एकत्रित हुए, ये पीएम मोदी की प्रेरणा है। बता दें कि 2024 ओलंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त तक पेरिस में आयोजित किया जाएगा। इस साल 113 भारतीय एथलीटों ने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया है।

# 18 जुलाई से बदलेगा मौसम का मिजाज, 22 के बाद झमाझम से पूरी होगी कमी

नई दिल्ली। इस साल पंजाब-हिमाचल में भारी बारिश के पूर्वानुमान संबंधी मौसम विभाग की भविष्यवाणी सटीक नहीं बैठ रही है। दोनों राज्यों के कुछेक क्षेत्रों को छोड़कर शेष सभी जगह मानसून कमजोर चल रहा है। इसकी मुख्य वजह मौसम विभाग बंगाल की खाड़ी में कम दबाव को ठहरा रहा है जो मानसून की हवाओं को प्रभावित कर रहा है और उसे आगे बढ़ने से रोक रहा है। यहीं नहीं इसकी वजह से पश्चिमी विक्षोभ पर भी असर पड़ रहा है। लेकिन इसके एक्टिव होने के आसार भी नजर आने लगे हैं। 18 जुलाई से मानूसन एक्टिव होने के आसार है और अगर ये नार्मल पोजीशन में आता है तो 18 जुलाई सूबे में हल्की से मध्यम बारिश देखने को मिलेगी। लेकिन इससे पहले सूबे में उमस और चिपचिपाती गर्मी सताएगी, हालांकि एक-दो जगहों पर हल्की बारिश कुछ समय के लिए कुछ जिलों में देखने को मिल सकती है। वहीं, सावन के महीने की शुरूआत भी 22 जुलाई से होने जा रही है और इस दौरान ही सावन की झड़ी देखने को मिलने का अनुमान है। आईएमडी के डायरेक्टर सुरेंद्र पाल ने कहा कि पश्चिमी विक्षोभ और मानसून की हवाएं दोनों एक्टिव हो रहे है और प्रदेश में इसका व्यापक असर देखने को मिलेगा। जुलाई के तीसरे और चौथे सप्ताह में अच्छी बारिश होगी और यह मानसून की कमी को पूरा करेगी। सूबे में शनिवार को दिन के समय ज्यादातर जिलों में धूप निकली और आंशिक बादल भी देखने को मिले हैं, जिसके चलते तापमान 34 से 38 डिग्री तक रिकॉर्ड हुआ है। मनाली पर्यटन नगरी मनाली में वीकेंड पर पर्यटकों की भीड़ फिर से बढ़ने लगी है। दो सप्ताह बाद फिर से माल रोड मनाली पर पर्यटकों की चहलकदमी हुई है। जुलाई के शुरू में ही मौसम। विभाग के भारी बारिश के यलो अलर्ट के चलते पर्यटकों की संख्या गिर गई थी परन्तु अब मनाली में बारिश इतनी ज्यादा नहीं है। सड़कें भी सुरक्षित होने से पर्यटकों ने फिर मनाली और लाहुल स्पीति का रुख कर लिया है। ग्रीन टैक्स बैरियर के आंकड़ों अनुसार शुक्रवार को 530 बाहरी गाड़ियां मनाली पहुंचीं। व्यास पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बारिश के कारण व्यास दरिया में भी पानी दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। जोकि खतरा है। वहां तैनात गोताखोर मनू लाल ने बताया, पिछले दिनों 3-4 इंच पानी बढ़ा है। लेकिन प्रशासन सतर्क नहीं है। पिछले साल आस-पास के गांवों में पानी आया था। वहीं सिंचाई विभाग के गेज अफसर उम्मीद सिंह ने बताया, अभी 25,832 क्यूसिक पानी बह रहा है। मानसून सीजन में सूबे में अभी तक 78.7 एमएम बारिश रिकॉर्ड हुई है, जो सामान्य से अभी 111 एमएम कम है, 29त्न अभी तक बारिश कम चल रही है। वहीं, पिछले साल इन दिनों में पूरे महीने की बारिश का कोटा पूरा हो चुका था। इस बार 1 जून से लेकर 13 जुलाई तक मानसून लगभग कमजोर ही चल रहा है, जिसके चलते जून-जुलाई की सामान्य बारिश का कोटा पूरा नहीं हो पा रहा है। आगे अच्छी बारिश होती है तो बारिश का कोटा पूरा हो सकता है।

## हेमंत पहुंचे बनारस, बोले- यह शहर मुझे काफी पसंद है, मेरा इस शहर से काफी साल पुराना लगाव



रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने बीते शनिवार की रात बनारस पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि मैं बनारस आता रहता हूं। मेरा इस शहर से काफी साल पुराना लगाव है। इस शहर को लेकर मेरी आस्था और भक्ति है। यह शहर मुझे काफी पसंद है। सात राज्यों में हुए उपचुनाव में इंडिया गठबंधन को मिली जीत पर पूछे गए सवाल पर सीएम हेमंत ने कहा कि इसमें ज्यादा कुछ कहने की जरूरत नहीं है। अब यह प्रतिस्पर्धा है इस लोकतंत्र की। सीएम हेमंत ने कहा कि इसमें जनता से यह बात पूछनी चाहिए कि आप लोगों ने इंडिया गठबंधन को क्यों चुना। उन्होंने जनता को ही सर्वोपरि बताया। वह सब जानती है। बता दें कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बीते शनिवार को कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की। हेमंत सोरेन पत्नी कल्पना सोरेन के साथ सोनिया से मिलने पहुंचे थे। जेल से रिहा होने के बाद हेमंत सोरेन की ये सोनिया गांधी से पहली मुलाकात है। वहीं, इसके बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की। दिल्ली के मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर हुई इस बैठक के दौरान आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह भी मौजूद थे।

# भारत सरकार की पहल,2024-25 के लिए अफगान छात्रों को 1,000 छात्रवृत्तियां की प्रदान



नई दिल्ली। भारत सरकार की पहल के तहत भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद ने शैक्षणिक वर्ष 2024-2025 के लिए 1000 छात्रवृत्तियाँ घोषित करके अफगान छात्रों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। रिपोर्ट के अनुसार, ये छात्रवृत्तियाँ ई-विद्या भारती नेटवर्क परियोजना के माध्यम से ऑनलाइन स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के लिए डिज़ाइन की गई हैं। अफगान नागरिकों के लिए विशेष छात्रवृत्ति योजना में व्यवसाय प्रशासन, वाणिज्य, कंप्यूटर विज्ञान, कला और अन्य सहित विभिन्न विषय शामिल हैं। इस पहल का उद्देश्य प्रतिष्ठित भारतीय केंद्रीय और राज्य विश्वविद्यालयों/संस्थानों में उच्च शिक्षा के अवसरों का पीछा करने वाले अफगान छात्रों का समर्थन करना है। आईलर्न पोर्टल के माध्यम से आवेदन प्रक्रिया 18 जुलाई 2024 को शुरू होगी। इच्छुक छात्रों को 24 जुलाई 2024 तक अपने आवेदन ऑनलाइन पूरे करने चाहिए। आवेदकों को सूचित विकल्प बनाने के लिए टेली-एजुकेशन पोर्टल पर उपलब्ध कार्यक्रम/पाठ्यक्रम सूची को देखना चाहिए। आईलर्न पोर्टल छात्रवृत्ति आवेदनों के प्रबंधन और शैक्षणिक कार्यक्रमों और प्रवेश प्रक्रियाओं के बारे में आवश्यक जानकारी प्रसारित करने के लिए महत्वपूर्ण है। यह केंद्रीकृत दृष्टिकोण सभी संभावित अफगान विद्वानों के लिए पारदर्शिता और पहुँच सुनिश्चित करता है। सफल उम्मीदवारों को शैक्षणिक ट्यूशन और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और जीवंत शैक्षणिक वातावरण के संपर्क से लाभ होगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस समग्र दृष्टिकोण का उद्देश्य अफगान छात्रों के बीच सीखने के अनुभव को समृद्ध करना और वैश्विक दृष्टिकोण विकसित करना है। इस बीच, भारत ने पिछले साल इसी योजना के तहत अफ़गान छात्रों को 1,000 छात्रवृत्तियाँ भी दीं, जो अफ़गान शिक्षा के लिए उसके निरंतर समर्थन को दर्शाता है। ई-विद्याभारती नेटवर्क परियोजना के माध्यम से ऑनलाइन शिक्षा में परिवर्तन चुनौतीपूर्ण समय के बीच सुलभ शैक्षिक मार्गों को बनाए रखने के लिए भारत की लचीलापन और प्रतिबद्धता को उजागर करता है।

# जायसवाल और कप्तान गिल के अर्धशतक की बदौलत भारत ने जीती टी20 श्रृंखला



हरारे । सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (नाबाद 93) के ताबड़तोड़ और कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 58) के संयमित अर्धशतक तथा दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 156 रन की अटूट साझेदारी से भारत ने शनिवार को यहां चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में जिम्बाब्वे को 10 विकेट से रौंदकर पांच मैच की श्रृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त हासिल की। भारत ने इस तरह जिम्बाब्वे पर दूसरी दफा 10 विकेट के अंतर से जीत हासिल की। 2016 में इसी स्थल पर भारत ने मेजबान टीम को 10 विकेट से हराया था। भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करते हुए कामचलाऊ गेंदबाज शिवम दुबे और अभिषेक शर्मा के शानदार प्रदर्शन से जिम्बाब्वे को सात विकेट पर 152 रन पर रोक दिया। जायसवाल और गिल की मदद से उछाल भरी पिच पर यह लक्ष्य महज 15.2 ओवर में 156 रन बनाकर हासिल कर लिया। टी20 विश्व कप में जायसवाल को खेलने का मौका नहीं मिला था, उन्होंने 53 गेंद की नाबाद पारी में विकेट के चारों ओर शॉट लगाये। उनकी पारी में 13 चौके और दो छक्के जड़े थे। गिल ने संयम से खेलते हुए जायसवाल को ताबड़तोड़ रन जुटाने दिये तथा 39 गेंद की नाबाद पारी के दौरान छह चौके और दो छक्के जमाये। जायवाल का जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा पर बैक-ड्राइव शॉट दर्शनीय था और रिचर्ड नगारवा की गेंद पर छक्का भी उतना ही आकर्षक था। जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाजों की खामियों का पूरा फायदा उठाते हुए जायसवाल ने नौ चौकों से अपना अर्धशतक पूरा किया जबकि तब शुभमन 15 रन पर ही थे। जिम्बाब्वे के कप्तान रजा के पास इन दोनों के चौकों छक्कों को रोकने का कोई विकल्प नहीं था। बस सवाल था कि जायसवाल अपना शतक पूरा कर पायेंगे या नहीं। या फिर गिल अपना अर्धशतक बनायेंगे। गिल ने अपना अर्धशतक पूरा किया। इससे जायसवाल के पास शतक पूरा करने के लिए रन नहीं बचे। लेकिन उन्होंने शानदार पुल-शॉट के साथ मैच खत्म किया। इससे पहले जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने 28 गेंद में 46 रन की पारी खेली। लेकिन भारत के पांचवें गेंदबाज अभिषेक (तीन ओवर में 20 रन देकर एक विकेट) और छठे विकल्प दूबे (दो ओवर में 11 रन देकर एक विकेट) ने अच्छे गेंदबाजी प्रयास से जिम्बाब्वे को दबाव में रखा। इन्होंने खतरनाक दिख रही वेस्ले माधेवेरे (24 गेंद में 25 रन) और टाडीवानाशे मारूमनी (31 गेंद में 32 रन) की सलामी जोड़ी को आउट करके मध्य ओवरों में लगाम कसी। कप्तान रजा ने हालांकि अपनी पारी में तीन छक्के और दो चौके लगाकर जिम्बाब्वे को 150 से अधिक रन के स्कोर तक पहुंचाया। लेग स्पिनर रवि बिश्नोई को छोड़कर सभी भारतीय गेंदबाजों को विकेट मिले। पदार्पण करने वाले मध्यम गति के गेंदबाज तुषार देशपांडे (तीन ओवर में 30 रन देकर एक विकेट) का पहला स्पैल काफी अधिक फुल लेंथ वाली गेंद या बहुत शॉर्ट गेंद लेंथ वाला रहा। इससे दोनों सलामी बल्लेबाज माधेवेरे और मारूमनी आसानी से बाउंड्री बनाने में सफल रहे। पर देशपांडे के लिए अच्छा रहा कि वह रजा का विकेट लेने में सफल रहे। पहले तीन मैच में जिम्बाब्वे के लिए पहले विकेट की सर्वश्रेष्ठ साझेदारी नौ रन की थी लेकिन माधेवेर और मारूमनी ने 63 रन की साझेदारी निभायी, हालांकि यह इतनी तेज नहीं थी। बायें हाथ के स्पिनर अभिषेक ने पहले विकेट की साझेदारी तोड़ी। उनकी गेंद पर मारूमनी पुल शॉट को टाइम नहीं कर सके और रिंकू सिंह के हाथों कैच आउट हुए। दूबे ने फिर माधेवेरे को आउट किया। उनका कैच भी रिंकू ने ही लपका। दूसरे मैच में अच्छी बल्लेबाजी करने वाले ब्रायन बेनेट (14 गेंद में नो रन) को वाशिंगटन ने अपना शिकार बनाया। दूबे और अभिषेक ने 'विकेट टू विकेट' गेंदबाजी करते हुए स्कोर गति पर लगाम कसी।

## यूरो कप फाइनल में स्पेन को जीतते देखना चाहते हैं बाईचुंग भूटिया




नयी दिल्ली। भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाईचुंग भूटिया रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ यूरो कप फाइनल में स्पेन को जीतते हुए देखना चाहते हैं और उन्हें उम्मीद है कि लेमिन यमल और निको विलियम्स शानदार प्रदर्शन से दुनिया भर के प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। भूटिया ने कहा, ''स्पेन का पलड़ा निश्चित रूप से फाइनल में भारी होगा क्योंकि जिस तरह से वे खेल रहे हैं, उसे देखकर उनकी टीम पूरी तरह से संतुलित दिख रही है। वे तकनीकी रूप से अच्छा खेल दिखा रहे हैं। उन्होंने छह में से छह मैच जीते हैं। निश्चित रूप से स्पेन की टीम फॉर्म में है।'' भारत के इस 47 वर्षीय महान स्ट्राइकर ने कहा, ''यमल और विलियम्स फिर शानदार प्रदर्शन करेंगे।

## गुकेश और प्रज्ञानानंदा 45वें शतरंज ओलंपियाड के लिए भारतीय टीम में

चेन्नई। भारत के स्टार खिलाड़ी डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा हंगरी के बुडापेस्ट में सितंबर में होने वाले आगामी शतरंज ओलंपियाड में भाग लेंगे। नवंबर में विश्व शतरंज चैम्पियनशिप में चीन के मौजूदा विश्व चैम्पियन डिंग लिरेन को चुनौती देने वाले गुकेश के लिए यह टूर्नामेंट 'ड्रेस रिहर्सल' की तरह होगा। गुकेश (18 वर्ष) ने इस साल शानदार प्रदर्शन किया है। वह अप्रैल में टोरंटो में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के अध्यक्ष नितिन नारंग ने पीटीआई को पुष्टि करते हुए बताया कि टीम में अर्जुन एरिगेसी, विदित गुजराती और पी हरिकृष्णा भी शामिल हैं। महिला टीम में डी हरिका, वैशाली रमेशबाबू, दिव्या देशमुख, वंतिका अग्रवाल और तानिया सचदेव मौजूद हैं। ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी अज्ञात कारणों से टीम से बाहर हैं जिन्होंने 2022 में कांस्य पदक जीता था। भारत ने पहली बार 2022 में ओलंपियाड के पिछले चरण की मेजबानी की थी जिसमें मेजबान देश ने ओपन और महिला दोनों वर्गों में कांस्य पदक जीता था। यह ओलंपियाड का 45वां चरण होगा। हंगरी पहली बार आधिकारिक रूप से इसकी मेजबानी करेगा।

## जोकोविच विम्बलडन जीतकर बनाएंगे ये महारिकॉर्ड



नई दिल्ली। विम्बलडन चैंपियनशिप 2024 में पुरुष सिंगल्स के फाइनल खेला जाएगा। इस मुकाबले में सर्बिया के स्टार नोवाक जोकोविच और स्पेन के कार्लोस अल्कारेज आपस में भिड़ेंगे। लंदन में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त नोवाक ने 25वीं सीड इटली के लोरेंजो मुसेट्टी को सीधे सेटों में 6-4, 7,6 (2), 6-4 से हराया। कार्लोस अल्कारेज ने पुरुष सिंगल्स के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में रूस के डेनियल मेदवेदेव को 6-7, 6-3, 6-4, 6-4 से हराया था। मेदवेदेव मौजूदा विम्बलडन चैंपियन हैं। अल्कारेज ने पिछले साल नोवाक जोकोविच को हराकर खिताब जीता था। अब जोकोविच का लक्ष्य सेंटर कोर्ट पर मिली हार का बदला चुकता करने पर होगा। वैसे कार्लोस अल्कारेज को हराना जोकोविच के लिए आसान नहीं रहने वाला है। अल्कारेज इससे पहले तीन बार ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचे थे और जीत भी हासिल की थी।

## दिल्ली कैपिटल्स ने पोंटिंग को मुय कोच पद से हटाया, गांगुली संभाल सकते हैं जिमेदारी




नयी दिल्ली । दिल्ली कैपिटल्स ने सात साल बाद मुख्य कोच रिकी पोंटिंग से अलग होने का फैसला किया है क्योंकि उनकी मौजूदगी में फ्रेंचाइजी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने खिताबी सूखे को खत्म करने में नाकाम रही है। फ्रेंचाइजी ने शनिवार को सोशल मीडिया के जरिये यह घोषणा की। पोंटिंग के हटने के बाद इस बात की संभावना है कि टीम के मौजूदा निदेशक सौरव गांगुली अगले सत्र में मुख्य कोच के रूप में काम कर सकते हैं। दिल्ली कैपिटल्स ने 'एक्स' पर लिखा, ''जैसे-जैसे आप हमारे मुख्य कोच के रूप में आगे बढ़ें, हमें इसे शब्दों में बयां करना अविश्वसनीय रूप से कठिन हो रहा था। आपने हमें देखभाल, प्रतिबद्धता, जज्बा और प्रयास के बारे में बताया। यह हमारे सात वर्षों के साथ-साथ काम करने का सार हैं।''

फ्रेंचाइज़ी ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व खिलाड़ी के साथ अपने लंबे जुड़ाव को लेकर भावनात्मक पोस्ट किया लेकिन टीम प्रबंधन सात साल में कोई खिताब नहीं जीत पाने के कारण उनके काम से खुश नहीं है। ऑस्ट्रेलिया के दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान पोंटिंग 2019 में टीम के मुख्य कोच बने थे। उनकी देखरेख में टीम 2021 में पहली बार फाइनल में पहुंचने में सफल रही लेकिन इसके बाद उसके प्रदर्शन में गिरावट दर्ज की गयी। दिल्ली कैपिटल्स के प्रबंधन से जुड़े एक करीबी सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''दिल्ली कैपिटल्स के शीर्ष अधिकारियों ने रिकी को सूचित किया है कि वे इस बात से खुश नहीं हैं कि टीम सात साल में चैंपियनशिप नहीं जीत पाई। टीम प्रबंधन सहयोगी स्टाफ में बदलाव करने की कोशिश कर रहा है। वह अगले साल टीम के साथ नहीं रहेंगे।'' यह समझा जाता है कि टीम प्रबंधन से जुड़े लोग चाहते थे कि पोंटिंग आईपीएल शुरू होने से कुछ हफ्ते टीम से जुड़ने की जगह नीलामी प्रक्रिया और टीम निर्माण में अधिक जिम्मेदारी निभाई।'' यह देखना होगा कि क्या दिल्ली कैपिटल्स एक नया मुख्य कोच नियुक्त करता है या टीम निदेशक सौरव गांगुली को मुख्य कोच के रूप में काम करने के लिए कहता है। टीम के सहायक कोच प्रवीण आमरे का पद पर बने रहना लगभग तय है। इस मामले में आगे की रणनीति पर चर्चा के लिए दिल्ली के सह-मालिक जेएसडब्ल्यू और जीएमआर समूह की इस महीने के अंत में या अगले महीने की शुरुआत में बैठक होने वाली है। आईपीएल के अगले सत्र से पहले होनी वाली खिलाड़ियों की बड़ी बोली से पहले टीम के मौजूदा खिलाड़ियों को बनाए रखना एक और मुद्दा है जिस पर चर्चा होगी। अगर सिर्फ चार खिलाड़ियों को रिटेन करने की छूट रही तो टीम के पास ऑस्ट्रेलिया के जेक-फ्रेजर मैकगर्क या दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स में से किसी एक को ही बनाये रखने का विकल्प होगा। भारतीय खिलाड़ियों में टीम कप्तान ऋषभ पंत, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव को रिटेन करना चाहेगी।

## जिम्बाब्वे दौरे पर भारत के पांचवें खिलाड़ी के तौर पर तुषार देशपांडे ने किया डेब्यू



नई दिल्ली। भारत और जिम्बाब्वे के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज का चौथा मैच हरारे में खेला जा रहा है। भारत ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। पहले और दूसरे मैच के बाद चौथे मैच में भारत ने प्लेइंग इलेवन में बदलाव किया है। जिम्बाब्वे के खिलाफ दौरे पर भारत के पांचवें खिलाड़ी ने डेब्यू किया है। चौथे मैच में तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे को जगह दी गई है। वह आवेश खान की जगह टीम में खेलने उतरे हैं। तुषार देशपांडे ने डेब्यू कैप मिलने पर कहा कि, यहां आकर बहुत खुश हूं, ये मेरे बचपन के दिनों की याद दिलाता है, जब मैंने अपने देश के बारे में खेलने का सपना देखा था। नीली जर्सी पहनकर यहां आना बहुत गर्व की बात है। मेरे लिए ये बहुत मायने रखता है। यहां का माहौल वाकई बहुत बढ़िया है। आईपीएल में सीएसके के लिए खेलने से मुझे मदद मिली। ये अनुभव निश्चित रूप से अंतर्राष्ट्रीय मैचों में मेरे काम आएगा। मैंने बल्लेबाज के रूप में शुरुआत की, इसलिए ये मेरे लिए स्वाभाविक है, इसे निखारने की कोशिश कर रहा हूं और मैं इस पर काम कर रहा हूं।

## आईसीसी बोर्ड टी20 विश्व कप के अमेरिकी चरण के खर्चों पर चर्चा कर सकता है




नई दिल्ली। टी20 विश्व कप के अमेरिका चरण में बजट से अधिक खर्च होने का अनुमान है और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) बोर्ड कोलंबो में 19 जुलाई को होने वाली वार्षिक बैठक के दौरान इस नुकसान पर चर्चा कर सकता है।

टी20 विश्व कप की ऑडिटिंग (आय और व्यय का लेखा जोखा) पूरी नहीं हुई है, इसलिए नुकसान का आंकड़ा बताना मुश्किल है क्योंकि दर्शकों के टिकट से प्राप्त राशि की पूरी तरह से गणना की जानी बाकी है। बोर्ड के प्रमुख सदस्यों का हालांकि मानना है कि टूर्नामेंट के अमेरिका चरण में हुआ नुकसान लाखों डॉलर में हो सकता है। यह पता चला है कि टूर्नामेंट निदेशक क्रिस टेटली ने इस्तीफा दे दिया है, लेकिन घटनाक्रम से अवगत सूत्रों के अनुसार इंग्लैंड के 49 वर्षीय खेल प्रशासक ने टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही इस्तीफा देने का मन बना लिया था। आईसीसी बोर्ड के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''कई सदस्य टेटली के प्रदर्शन से खुश नहीं हैं। उन्होंने अपना इस्तीफा दे दिया था, लेकिन यह नहीं कहा जा सकता कि टी20 विश्व कप के अमेरिका चरण का इससे कोई लेना-देना है।'' उन्होंने कहा, ''कम से कम तीन आईसीसी वैश्विक टूर्नामेंट और सभी सहयोगी देशों को टी20 अंतरराष्ट्रीय का दर्जा मिलने के कारण, प्रबंधन का काम निरंतर चल रहा है। ऐसा माना जाता है कि टेटली ने कुछ समय पहले ही अपना पद छोड़ने का फैसला किया था।'' जिन लोगों ने इस आयोजन के संचालन के लिए करीब से काम किया है, उनका मानना है कि आईसीसी वास्तव में टिकटों की बिक्री के माध्यम से अच्छी कमाई करेगी। जिस बात ने आईसीसी के प्रभावशाली सदस्यों को नाराज किया है, वह इस प्रमुख आयोजन के लिए न्यूयॉर्क शहर को एक मेजबान के तौर पर चुनना है। नासाउ काउंटी क्रिकेट स्टेडियम की पिच और आउटफील्ड की काफी आलोचना हुई थी और इस स्थिति से बेहतर तरीके से निपटा जा सकता था। उन्होंने कहा, ''यह आयोजन अमेरिका में होना था और न्यूयॉर्क के अलावा अन्य शहर भी थे जहां मैचों का आयोजन किया जा सकता था। इस पर विचार क्यों नहीं किया गया?'' उन्होंने सवाल उठाया, '' पिच के परीक्षण के लिए कोई अभ्यास मैच क्यों नहीं खेला गया। यह पिच निश्चित रूप से शीर्ष स्तर के क्रिकेट के लिए अनुपयुक्त था।

## सिकंदर रजा ने टी20 क्रिकेट में रचा इतिहास, ऐसा करने वाले जिम्बाब्वे के पहले खिलाड़ी बने



हरारे। भारत और जिम्बाब्वे के बीच चौथा टी20 मैच खेला जा रहा है। जहां इस मुकाबले में जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में इतिहास रच दिया है। दरअसल, वे जिम्बाब्वे की टीम के लिए टी20आई क्रिकेट में 2000 रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। एक और बड़ी उपलब्धि उन्होंने अपने नाम की है। वे टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 2000 रन और 50 से ज्यादा विकेट लेने वाले दुनिया के पांचवें खिलाड़ी बन गए हैं। सिकंदर रजा ने भारत के खिलाफ चौथे टी20आई मैच में ये उपलब्धि हासिल की। इसके अलावा सिकंदर रजा ने भारत के खिलाफ अपना सबसे बड़ा निजी स्कोर भी बनाया है, अभी तक वे भारत के खिलाफ 34 रन ही बना पाए थे। ऑलराउंडर सिकंदर रजा ने जैसे ही भारत के खिलाफ हरारे में जारी चौथे टी20आई मैच में 13वें ओवर का आखिरी गेंद पर 17वां रन बनाया, वैसे ही वे जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले 2000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। जिम्बाब्वे के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में दूसरे नंबर सीन विलियम्स हैं। उन्होने 1691 रन जिम्बाब्वे के लिए टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में बनाए हैं। तीसरे नंबर पर हैमिल्टन मासकाद्ज़ा हैं, जिन्होंने 1662 रन बनाए हैं। जिम्बाब्वे की टीम के कप्तान ने भारत के खिलाफ 46 रनों की पारी केली। ये भारत के खिलाफ उनका सर्वाधिका स्कोर था। वहीं सिकंदर रजा टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 2000 से ज्यादा रन और 50 से ज्यादा विकेट चटकाने वाले दुनिया के पांचवें ऑलराउंडर बन गए हैं। ऐसा करने वाले भी वे जिम्बाब्वे के पहले ही ऑलराउंडर हैं। उनके अलावा बांग्लादेश के शाकिब अल हसन (2551 रन और 149 विकेट), अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी (2165 रन और 96 विकेट), मलेशिया के विरनदीप सिंह (2320 रन और 66 विकेट) और पाकिस्तान के मोहम्मद हफीज (2514 रन और 61 विकेट) ने 2000 प्लस रन और 50 प्लस विकेट निकाले हैं। रजा ने 2000 से ज्यादा रन और 65 विकेट टी20 आई में निकाले हैं।

# प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस जिले के लिए बड़ी उपलब्धिः प्रतिमा बागरी

## आदर्श कालेज बनाने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी पहल-गणेश सिंह






**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** सतना जिले का शहीद पद्मधर सिंह शासकीय परिवारातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय गहरा नाला का उन्नयन प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस के रूप में किया गया है। प्रदेश के 55 प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस का एक साथ उद्घाटन रविवार को इंदौर के अटलबिहारी बाजपेयी कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम से भारत सरकार के गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार की उपस्थिति में वर्चुअली किया। प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस के उद्घाटन समारोह का वर्चुअली प्रसारण सभी 55 कॉलेजों में किया गया। प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शहीद पद्मधर सिंह शासकीय परिवारातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय सतना के वर्चुअली उद्घाटन के स्थानीय कार्यक्रम में प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह, महापौर योगेश ताम्रकार, कलेक्टर अनुराग वर्मा, प्राचार्य शिवेश प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा सहित महाविद्यालय के प्रोफेसर और छात्र-छात्रायें भी उपस्थित रहे।

नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि सतना जिले के शासकीय परिवारातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय का उन्नयन प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस के रूप किया जाना जिले के लिए बड़ी उपलब्धि है। अब यहाँ पढ़ने वाले 14 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा और सर्व-सुविधायें प्राप्त होगी। राज्यमंत्री ने कहा कि कालेज में दर्ज छात्र संख्या में आधी तादाद बेटियों की होना अत्यंत सुखद है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अनेक योजनाओं और डिजिटल प्लेटफार्म में इनोवेशन की अपार संभावनायें है। सरकार का लक्ष्य हर देशवासी और प्रत्येक क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने का है। प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा और व्यावसायिक शिक्षा तक व्यापक सुधार किये गये हैं। हमारे देश का युवा पूरी दुनिया में अग्रणी है जो अपने टेलेण्ट के माध्यम से हर जगह जाना पहचाना जाता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि आप सब देश का वर्तमान और भविष्य है। समाज के हित में अपने टेलेण्ट से नये-नये इनोवेशन कर देश को शक्तिशाली और आत्मनिर्भर बनाने में योगदान करें। कालेज में दर्ज छात्र संख्या में आधी संख्या बालिकाओं की यह दर्शाती है कि महिला सशक्तीकरण और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान से बेटा-बेटी का भेद समाज में समाप्त हो चला है। राज्यमंत्री ने कहा कि बेटियां शिक्षित होकर दो परिवारों को शिक्षित और सुसंस्कृत बनाती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सांसद गणेश सिंह ने कि प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस के रूप में आज के दिन उच्च शिक्षा के क्षेत्र में प्रत्येक जिले में ऐतिहासिक पहल हो रही है। मध्यप्रदेश में आदर्श महाविद्यालय बनाने के संकल्प को पूरा करने की शुरूआत हुई है। सांसद सिंह ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा और उच्च शिक्षा की गुणवत्ता देश को अग्रणी बनाये रखने में सहायक होती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशन में शिक्षा, सभ्यता, संस्कृति और गौरवशाली इतिहास को समेट कर नई शिक्षा नीति लागू की जाकर शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में रिफार्म हुए है और कोई भी क्षेत्र अछूता नहीं है। सांसद ने कहा कि व्यवहारिक ज्ञान के बिना शिक्षा अधूरी है। नई शिक्षा नीति केवल रोजगार के लिए नहीं बल्कि देश और समाज के निर्माण की कल्पना है। सांसद सिंह ने कहा कि समस्याओं का बेहतर समाधान महाविद्यालयों में खोजा जा सकता है और समाधान मिलता भी है। नीति आयोग के रिसर्च ने प्रमाणित किया है कि पर्यावरण, स्वच्छता, गरीबी, महामारी जैसी गंभीर समस्या का हल विश्वविद्यालयों में रिसर्च से प्राप्त हुआ है। कोरोना महामारी का वैक्सीन बनाकर भारत ने दुनिया के देशों को पीछे छोड़ दिया।

# विद्यार्थी बस सेवा की बस को दिखाई हरी झंडी



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस के तहत शासकीय पद्मधर सिंह शासकीय परिवारातकोत्तर महाविद्यालय सतना के छात्र-छात्राओं को मात्र 30 रूपये मासिक की शुल्क पर कालेज आने-जाने के लिए बस सेवा भी उपलब्ध कराई गई है। कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी और सांसद गणेश सिंह ने विद्यार्थी बस सेवा की बस को हरी झण्डी दिखाकर गंतव्य के लिए रवाना किया।

इस अवसर पर महापौर योगेश ताम्रकार, कलेक्टर अनुराग वर्मा, प्राचार्य शिवेश प्रताप सिंह, प्रोफेसर डॉ. क्रांति मिश्रा, आरएस गुप्ता, बृजेश सिंह, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष विजय यादव भी मौजूद रहे।

# राज्यमंत्री ने सुनी आमजनों की समस्यायें



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने रविवार को विधानसभा क्षेत्र कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में जिले की आम जनता एवं अन्य गणमान्य नागरिक द्वारा प्रस्तुत की गई समस्याओं से रूबरू हुईं।

राज्यमंत्री बागरी द्वारा कुछ समस्याओं का निराकरण विभिन्न विभाग से आये अधिकारियों द्वारा कराया गया और जिन समस्याओं का निराकरण शासन स्तर पर किया जाना है उसके लिये प्रतिवेदन तैयार करने के निर्देश दिये गए।

# कलेक्टर निवास पर रोपे गये डेढ़ सौ से अधिक पौधे




**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** एक पेड़ मां के नाम अभियान और वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत रविवार को कलेक्टर निवास सतना के आंतरिक और बाह्य भाग में सुरक्षित रूप से 150 से भी अधिक फलदार पौधों का रोपण किया गया। कलेक्टर अनुराग वर्मा, उनकी बेटियों राईसा और मायरा सहित जिले के अनेक अधिकारियों-कर्मचारियों ने पौधों का रोपण किया। जन अभियान परिषद के सौजन्य से लगाये गये सभी पौधों को अंकुर वायुदूत ऐप में अपलोड भी किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीणा, जिला पंजीयक डॉ. कीर्ति सिंह, जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम, डीपीसी विष्णु त्रिपाठी, सहायक श्रम आयुक्त हेमंत डेनियल, उप संचालक उद्यानिकी अनिल सिंह, जिला समन्वय जन अभियान परिषद डॉ. राजेश तिवारी, जनसम्पर्क अधिकारी राजेश सिंह, कार्यपालन यंत्री अश्विनी जायसवाल, पीआईयू सिद्दकी, स्टेनो प्रमोद द्विवेदी, नाजिर दयाराम वर्मा सहित कलेक्ट्रेट के कर्मचारियों ने पौधरोपण किया।

**अधिकाधिक पौधरोपण की अपीलः** एक पेड़ मां के नाम और जिले में चल रहे वृक्षारोपण अभियान के तहत कलेक्टर अनुराग वर्मा ने जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सुरक्षित स्थल पर अधिक से अधिक पौध रोपण करने की अपील अधिकारियों-कर्मचारियों एवं जिले के नागरिकों से की है। उन्होंने कहा कि जलवायु में परिवर्तन, जल स्तर का घटना, असामान्य वर्षा इन सब बातों को देखते हुए अधिकाधिक पौधरोपण कर प्रकृति का संरक्षण करना आज की नितांत आवश्यकता है। कलेक्टर ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान में किये जा रहे पौधरोपण का फोटो अंकुर वायुदूत ऐप में अपलोड अवश्य करें।

# उप मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में गौशाला निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा की



**मीडिया ऑडीटर, रीवा निप्र।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने राजनिवास सर्किट हाउस में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में जिले में गौशाला निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि जिले में संचालित सभी निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करायें तथा जो कार्य शुरू नहीं हुए हैं उन्हें तत्काल प्रारंभ करायें।

उप मुख्यमंत्री ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में शेष निर्माण कार्यों को अगस्त माह के अंत तक पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी का बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में आगामी दिनों में कार्यक्रम प्रस्तावित है अतः सभी निर्माण कार्य नियत समय सीमा में पूर्ण हो जाय। शुक्ल ने जिले के अन्य सभी विधानसभा क्षेत्रों में भी गौवंश वन्य विहार निर्माण के कार्य तत्काल प्रारंभ कराने के निर्देश बैठक में दिये।

इस अवसर पर विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, रीवा संभाग के कमिश्नर बी.एस. जामोद, कलेक्टर प्रतिभा पाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे उपस्थित रहे।

# दस्तक अभियान में लगाये जा रहे हैं शिविर

**मीडिया ऑडीटर, रीवा निप्र।** जिले भर में 27 अगस्त तक दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, एएनएम तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर पाँच साल तक की आयु के बच्चों के स्वास्थ्य की जाँच कर रही हैं। जाँच के दौरान डायरिया, निमोनिया, एनीमिया से पीड़ित, जन्मजात विकृति एवं कम पोषित बच्चों का चिन्हांकन किया जा रहा है। अभियान के दौरान बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण और विटामिन ए का घोल पिलाने का कार्य भी किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि अभियान के दौरान चिन्हित बच्चों के उपचार के लिए सभी विकासखण्डों में दो-दो स्वास्थ्य जाँच शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी इन शिविरों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। शिविरों में पर्याप्त दवाओं के साथ विशेषज्ञ डॉक्टरों के दल तैनात करें।

आज 15 जुलाई को सीएचसी नईगढ़ी, मऊगंज विकासखण्ड के पीएचसी ढेरा तथा सीएचसी रायपुर कर्चुलियान में शिविर लगेंगे। इन शिविरों में शिशु रोग विशेषज्ञ, आरबीएसके की टीम तथा अन्य तकनीशियन अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का केन्द्रीय गृह मंत्री ने किया शुभारंभ

## विद्यार्थियों को आधुनिक व रोजगारोन्मुखी शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति की समावेशी शिक्षा मिलेगी - उप मुख्यमंत्री




**मीडिया ऑडीटर, रीवा निप्र।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के सभी 55 जिलों में संचालित होने वाले प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस का वर्चुअली शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित केन्द्रीय एवं राज्य सरकार के मंत्रीगण उपस्थित रहे। रीवा जिले के शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय एवं मऊगंज जिले के शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय का प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस के रूप में शुभारंभ हुआ।

शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय में शुभारंभ अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रदेश के उच्च शिक्षा के इतिहास में आज का दिन ऐतिहासिक बनने जा रहा है। प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस में आधुनिक व रोजगारोन्मुखी शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति की समावेशी शिक्षा विद्यार्थियों को दी जायेगी। आत्मनिर्भर भविष्य की ओर मूल्य आधारित शिक्षा से प्रदेश के युवा कौशलवान बनकर अपना बेहतर कल गढ़ सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस में आईआईटी के सहयोग से कोर्स संचालित होंगे तथा अन्य सभी शैक्षणिक संसाधन भी उपलब्ध होंगे जिसका लाभ युवा पीढ़ी को मिलेगा। शुक्ल ने कहा कि संस्कारवान शिक्षा ही आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करती है। संस्कारित होने से संवेदनशीलता व विनम्रता आती है। नई शिक्षा नीति के अनुरूप उत्कृष्ट व गुणवत्तापूर्ण रोजगारोन्मुखी शिक्षा से युवाओं को रोजगार देने वाले संस्थान स्वयं ही महाविद्यालय में आकर रोजगार देंगे।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संकल्प से देश व प्रदेश में मजबूत अधोसंरचना निर्माण का कार्य किया जा रहा है। अधोसंरचना का विकास नई पीढ़ी के लिए सौगात है। नई शिक्षा नीति युवाओं के लिए उन्नति के सभी मार्ग खोलने का सशक्त माध्यम बनेगी। मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में सर्व प्रथम मध्यप्रदेश में ही नई शिक्षा नीति लागू की गयी थी। शुक्ल ने युवा पीढ़ी से नशे से दूर रहने का आह्वान किया तथा कहा कि यदि कोई इस लत में पड गया है तो उसके सुधार के लिए मददगार बने।

इस अवसर पर सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि आदर्श विज्ञान महाविद्यालय में इससे पूर्व विज्ञान संकाय की शिक्षा दी जाती थी। अब प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस हो जाने से यहां आर्ट व वाणिज्य संकाय में शिक्षा प्राप्त कर विद्यार्थी इस कालेज का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

इससे पूर्व महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. आरती सक्सेना ने अतिथियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा आश्वस्त किया की प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस के तौर पर उन्नयित हो रहे महाविद्यालय में उत्कृष्ट शिक्षा दिये जाने का पूरे मनोयोग से प्रयास होगा।

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने फीता काटकर एवं शिला पट्टिका का अनावरण कर प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस का शुभारंभ किया। उन्होंने विद्यावन में वृक्षारोपण भी किया। उप मुख्यमंत्री ने महाविद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों को मिलने वाली बस सेवा का हरी झण्डी दिखाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, कमिश्नर रीवा संभाग बी.एस. जामोद, कलेक्टर प्रतिभा पाल, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष प्रबोध व्यास, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा आरपी सिंह, सदस्य कमलेश सच्चदेवा, विधायक प्रतिनिधि भूपेन्द्र सिंह सहित जनप्रतिनिधि , प्राध्यापक, अधिकारीगण तथा महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. भारतेन्दु मिश्र एवं डॉ. आरती तिवारी ने किया।

# नगर निगम के सभी पार्षद अपने वार्डों में सघन वृक्षारोपण करायें - उप मुख्यमंत्री




**मीडिया ऑडीटर, रीवा निप्र।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा नगर निगम के सभी पार्षदों से अपेक्षा की है कि वह अपने वार्ड में सघन वृक्षारोपण कर शहर को हरा-भरा बनाने में सहभागी बने। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वार्ड के हरा-भरा हो जाने से ही रीवा शहर हरीतिमायुक्त होगा। सड़कों के किनारे, खाली जगहों, पार्कों तथा अपने घर के आसपास लोगों को पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें तथा उनके संरक्षण की भी व्यवस्था सुनिश्चित करायें। जयंती कुंज में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री ने पार्षदों से कहा कि उनके वार्ड में स्वीकृत कार्यों को तत्काल प्रारंभ करायें तथा उसकी गुणवत्ता पर नजर रखें।

उन्होंने आश्वस्त किया की वार्डो में आवश्यक कार्यों के लिए अतिरिक्त धन राशि की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जायेगी। उन्होंने वार्ड पार्षदों से कहा कि अतिआवश्यक कार्यों की सूची बनाकर दें ताकि उसके लिए पर्याप्त धन राशि की व्यवस्था हो सके। इस अवसर पर उन्होंने वार्ड पार्षदों की समस्यायें भी सुनी। बैठक में अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, प्रभारी कमिश्नर नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, वन मंडलाधिकारी अनुपम शर्मा एवं नगर निगम के वार्ड पार्षद उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।